चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 149, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 14

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 13













## हरिद्वार के दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं की डंडों से पिटाई

हरिद्वार, एजेंसी

- घटना रविवार शाम की, सोशल मीडिया पर किया गया वायरल

दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं के दल को पुजारी तथा कर्मियों ने डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें युवा पुजारी भी मंदिर के कर्मियों को सिर में लगी चोट दिखा रहा है और उनसे युवकों के दल को पीटने को कह रहा है। श्यामपुर थाने के अधिकारी नीतेश शर्मा ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई।

सूत्रों ने बताया कि मंदिर में टिकट और पार्किंग के मुद्दे पर श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मियों के बीच बहस हुई जो संघर्ष में बदल गयी। मंदिर के पुजारी तथा कर्मियों ने श्रद्धालुओं का पीछा किया और उन्हें डंडों से मारा । पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से आए थे। सूत्रों ने बताया कि पार्किंग शुल्क को लेकर दोनों पक्षों में बहस छिड़ी थी। निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि मंदिर के मठाधीश हैं। उनसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनके वैयक्तिक सहायक ने फोन नहीं उठाया ।

## रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा।

पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नपेंद्र मिश्र ने बताया कि 12:16 बजे रामलला का सूर्याभिषेक होगा।

# 23 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



आबकारी नीति घोटाला

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इससे पहले, केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। उनकी पूर्व की हिरासत अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने यह कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

### कविता की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से वह तिहाड़ जेल में थीं।

### ईडी ने चनप्रीत को किया गिरफ्तार, 18 तक हिरासत में

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने सिंह को 18 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

# सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

## पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। न्यायधीशों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह शामिल हैं। बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है। पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा गया है कि हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं।

### डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

### दोषारोपण करके न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों को दी जा रही सीधी चुनौती

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

# जो प्रधानमंत्री मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर है विश्वास
- नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

## एक नजर

### हुसैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगी दलील

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी। साथ ही अगली तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड भी पेश करने का निर्देश दिया।

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले सोमवार से पंजीकरण शुरू हो गया है। पहले दिन 2.50 लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए सबसे अधिक 85,034 पंजीकरण हैं। पर्यटन विभाग को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है। सुबह सात बजे पंजीकरण के लिए वेबसाइट खोल दी गई थी। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने बताया कि आज से चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है।

### धनंजय की पत्नी श्रीकला रेड्डी बसपा की प्रत्याशी

**लखनऊ।** बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को बसपा ने जौनपुर सदर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा के जौनपुर के जिलाध्यक्ष संग्राम भारती ने मीडिया को यह जानकारी दी। श्रीकला जौनपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। पिछले दिनों भाजपा ने कृपा शंकर को इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। इसके बाद धनंजय सिंह ने भी लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। हालांकि, पहले यह माना जा रहा था कि श्रीकला रेड्डी निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी।

# नमक मोदी की मेहरबानी नहीं, आपके टैक्स का पैसा..गुमराह मत होना: मायावती

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)



- कुछ समय से धर्म की आड़ में जुल्म पहुंच चुकी चरम सीमा पर

**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा कि कुछ समय से गरीबों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो खाद्य सामग्री दी जा रही है। उससे भला होने वाला नहीं है। पता चला है कि भाजपा, आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि मोदी ने आपको दाल-चावल और नमक भी दिया है। आपको मोदी जी का नमक जरूर हलाल करना है। ध्यान रखना यह नमक मोदी का नहीं, बल्कि आपके टैक्स के पैसे का है। इसलिए गुमराह मत होना।

पीलीभीत लोकसभा से बसपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, शाहजहांपुर के प्रत्याशी डॉ. दोदराम वर्मा, ददरौल विधानसभा से उपचुनाव के प्रत्याशी सर्वेश चंद्र मिश्रा उर्फ धांधू के समर्थन में सोमवार को बीसलपुर में चुनावी जनसभा आयोजित की गई। भाजपा और कांग्रेस पर वार करते हुए मायावती ने कहा कि गलत नीतियों और कार्यप्रणाली से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टियों की रही है। जिस कारण पिछले कई वर्षों से भाजपा व उसके सहयोगी दल केंद्र व कई राज्यों की सत्ता में काबिज हैं।

मगर अब भाजपा की जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी -करनी के अंतर से ऐसा लगता है कि केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। बशर्ते यह चुनाव फ्री एंड फेयर हो। वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी आदि न की जाए।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही।

तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929.74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में था। दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई।

# सुप्रीम कोर्ट 5 अगस्त से करेगा सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद



- हाईकोर्ट के सर्वेक्षण संबंधी आदेश पर रोक जारी

उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक जारी रखते हुए सोमवार को कहा कि वह इस मामले में 5 अगस्त से सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि तब तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगी। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए 16 जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा, अंतरिम आदेश (सर्वेक्षण पर रोक) जारी रहेगा। इसके साथ ही हम स्पष्ट करते हैं कि हमने उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है। शीर्ष अदालत ने तब यह भी स्पष्ट किया था कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी। उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में 14 दिसंबर 2023 को अदालत की निगरानी में एडवोकेट कमिश्नर की तीन सदस्यीय टीम द्वारा मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय ने सर्वेक्षण करने के लिए एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया था।

# सलमान के घर के बाहर फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो को उठाया

मुंबई, एजेंसी

- लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली थी

महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दोनों शूटरों को पहचान की है।

### बाइक के मालिक से पूछताछ

अभिनेता के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि बाइक पनवेल में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर है, जिसके बाद अपराध शाखा की टीम वहां गई और वाहन मालिक व दो अन्य को पूछताछ के लिए ले आई।

## पत्नी की मौत से आहत एसडीएम ने की आत्महत्या

**आजमगढ़ ।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने अनुसार बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे। एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था जिसके बाद से वे डिप्रेशन में थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियां हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

# कर्ज लेने वालों को नहीं शुल्क की जानकारी... तो वसूली नहीं

मुंबई, एजेंसी




- बैंकों को निर्देश, व्यक्तिगत कर्जदारों, डिजिटल ऋण व छोटी राशि के कर्ज के संबंध में सभी जानकारी देना अनिवार्य

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज, सभी तरह के शुल्क और ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। आरबीआई ने कहा कि वास्तविक आधार पर तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं की ओर से केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाले संस्थानों द्वारा कर्ज लेने वाले संस्थानों से वसूले गए बीमा और कानूनी शुल्क जैसी राशि भी वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) का हिस्सा होगी। इसके बारे में अलग से खुलासा किया जाएगा। साफ है कि बैंक अब लीगल खर्च, बीमा खर्च या डाक्यूमेंट के नाम पर भी छिपा हुआ शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। प्रोसेसिंग फीस किस किस मद के लिए ली जा रही है, इसे भी बैंकों को बताना होगा। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे।

वर्तमान में, विशेष रूप से वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है।

यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। केएफएस सरल भाषा में ऋण समझौते के मुख्य तथ्यों का एक विवरण है। यह कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, वित्तीय संस्थान दिशानिर्देशों को जल्द-से-जल्द लागू करने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

### किसी भी चरण में नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क

जहां भी आरई ऐसे शुल्कों की वसूली में शामिल है, उचित समय में हर भुगतान के लिए कर्ज लेने वालों को प्राप्त रसीदें और संबंधित दस्तावेज दिए जाएंगे। ऐसा शुल्क जिसका जिक्र केएफएस में नहीं है, उधारकर्ता की स्पष्ट सहमति के बिना ऋण की अवधि के दौरान किसी भी चरण में इस प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड के मामले में प्राप्त होने वाली राशि को लेकर प्रावधानों से छूट दी गई है।

## जिले में आज

- कलेक्ट्रेट परिसर में प्रत्याशियों का नामांकन सुबह 10 बजे।
- मतदान के प्रति जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट से रैली सुबह साढ़े 8 बजे।

## एक नजर

### नगर आगमन पर योगेन्द्र सिंह का हुआ स्वागत

**कछला ।** भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार नगर में आने पर ठाकुर योगेन्द्र सिंह तोमर का भव्य स्वागत किया गया। उन्होने कहा कि वह क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहेंगे। सोमवार को नगर आगमन पर ठाकुर योगेन्द्र सिंह तोमर के स्वागत के लिए कस्बाइयों ने बड़े स्तर पर तैयारियां की थीं। तोमर मार्केट में जगह-जगह समर्थकों ने उन्हे फूल माला पहना कर स्वागत किया। कछला क्षेत्र में एक बैठक में योगेंद्र तोमर ने कहा भाजपा के साथ सर्व समाज जुड़ा हुआ है, और लोग फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज भाजपा के साथ है और भाजपा में ही पूरी तरह सुरक्षित है। इस मौके पर मोहित तोमर मंडल उपाध्यक्ष दीपक तोमर, विपिन प्रताप तोमर, सुधीर तोमर, संजय गुप्ता, यशवीर यादव, वीरपाल तोमर, पुष्कर अजीत तोमर, ओमवीर सिंह तोमर, पप्पू नेता जी, हरीश तोमर, यश तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की गई जान

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में डीएम रोड निवासी एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने कुछ लोगों पर शराब में विषाक्त पदार्थ देने का आरोप लगाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को बरेली रेफर कर दिया। परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। परिजन शव अपने घर ले गए। सोमवार रात लगभग पौने नौ बजे कुछ लोग डीएम रोड निवासी नंद किशोर पुत्र राम लाल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने कुछ लोगों पर शराब के साथ विषाक्त पदार्थ देने का आरोप लगाया।

## तकरीबन पांच साल से उखड़ा पड़ा है शहर के वन विभाग का रोड

# सीएम आएं या मंत्री, वन विभाग रोड की नहीं ली सुध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के वन विभाग कार्यालय के सामने वाली सड़क जर्जर हालत में पहुंच गई है। इस रोड से दिनभर बड़े-छोटे वाहन गुजरते हैं। अधिकारियों का भी आना-जाना रहता है। बावजूद इसके पांच साल से जर्जर हालत में पड़ी सड़क की मरम्मत के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। यहां सीएम आएं या फिर मंत्री किसी ने भी इस सड़क की सुध नहीं ली है।



जर्जर हालत में वन विभाग रोड।

जेल तिराहे से वन विभाग को जाने वाली सड़क की लम्बाई करीब डेढ़ सौ मीटर होगी। इस सड़क पर पांच साल से गहरे गड्ढे हो गये हैं। गड्ढे बढ़ने से वाहनों का गुजरना

- टूटी सड़क और गहरे गड्ढों के बीच दिनभर गुजरते हैं वाहन
- मरम्मत को कई बार लिखा गया पत्र, अब तक जर्जर है सड़क

मुश्किल हो रहा है। वन विभाग के ठीक सामने बनी सड़क पर दिन में हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। कभी कभी बसें और अन्य बड़े वाहन भी इधर से ही पास कराए जाते हैं। उधर अम्बेडकर पार्क के निकट आटो ई रिक्शा खड़े होते हैं। सड़क की दशा जर्जर होने के कारण दो पहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो रहा है। पिछले सप्ताह बाइक सवार दम्पति इस सड़क से गुजर रहे थे तभी गड्ढे से बचने के चक्कर में बाइक फिसल गई जिससे पति पत्नी दोनो घायल हो गये। बारिश के दिनों में सड़क पर जलभराव रहता है। गड्ढों में पानी भर जाने से अक्सर वाहन चालक इनमें गिरकर घायल होते रहते हैं। शहर में जब भी सीएम या फिर कोई अन्य मंत्री आता है तो मुख्य रोडों की रातों रात मरम्मत करा दी जाती है। पिछले दिनों जब सीएम यहां तो पुलिस चौराहे से लेकर इंदिरा चौक तक और कचहरी तक रोड को रातों रात बना दिया गया मगर वन विभाग की सड़क पर किसी की नजर नहीं गयी। सीएम आएं या फिर कोई मंत्री इस सड़क की मरम्मत नहीं की जाती है। जिससे सड़क दिनों दिन जर्जर होने के साथ ही गड्ढों में तब्दील होती जा रही है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत कराने को जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया था, उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। कुछ लोगों ने नगर पालिका को भी पत्र लिखा। नगर पालिका ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया। जिससे यह सड़क आज भी जर्जर हालत में पड़ी है।

# मुख्यमंत्री आवास के सामने भूख हड़ताल की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



राहुल त्रिवेदी।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस की ओर से सुरक्षा नहीं मिलने पर एक युवक ने मुख्यमंत्री के आवास के सामने भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। युवक का आरोप है के उसके घर में तीन हत्याएं हो चुकी हैं अब उसे अपनी हत्या कर डर सता रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री आवास पर परिवार सहित भूख हड़ताल का निर्णय लिया है।

थाना व कस्बा अलापुर निवासी राहुल त्रिवेदी ने कहा है कि वह सनातन धर्म के लिए ही जीना चाहता है, जब तक सांस में सांस है सनातन धर्म और हिंदुत्व के लिए कार्य करता रहेगा। भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ता रहेगा। राहुल त्रिवेदी ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी भी हत्या हो सकती है। उन्होंने राहुल त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से गुहार लगाई और चेतावनी दी है कि यदि उसकी सुरक्षा नहीं की गई तो वह परिवार के साथ मुख्यमंत्री के आवास पर भूख हड़ताल करेगा।

# लोस प्रत्याशी की सभा में जाना पड़ा भारी, शिक्षिका निलंबित

## सभा में शिक्षिका के शामिल होने की कुछ लोगों ने की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालय की प्रधानाध्यापक लोकसभा प्रत्याशी की सभा में शामिल हुईं। वहां उन्होंने राजनीतिक दल का पट्टा भी गले में डाला हुआ था। उसी पट्टे के साथ सेल्फी लेकर फेसबुक पर अपलोड कर दी। जिसकी शिकायत शहर निवासी एक व्यक्ति द्वारा चुनाव आयुक्त से कर दी गई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग ने संबंधित शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई के आदेश कर दिए। आयोग के निर्देशों पर अमल करते हुए बीएसए ने उक्त शिक्षिका का निलंबित कर दिया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच बीईओ कादरचौक को सौंपी है।

- बीएसए ने शिक्षिका को किया निलंबित, खंड शिक्षा अधिकारी करेंगे मामले की जांच

> शिक्षिका सोनी गुप्ता की लोकसभा प्रत्याशी की सभा में शामिल होने की शिकायत चुनाव आयुक्त से की गई थी। चुनाव आयुक्त के आदेशों पर अमल करते हुए शिक्षिका का निलंबित कर दिया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच कराई जा रही है।
> -**स्वाती भारती**, बीएसए।

ब्लॉक जगत के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक सोनी गुप्ता लोकसभा प्रत्याशी की सभा में सम्मिलित हुईं थीं। वहां उन्होंने पार्टी के चुनाव चिन्ह का पट्टा भी गले में पहना हुआ था। सभा में उपस्थित होने के दौरान ही उन्होंने पार्टी का पट्टा पहने एक सेल्फी ले ली। जिसे फेसबुक पर अपलोड कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शिक्षिका की फोटो अपलोड होने पर शहर के मोहल्ला ब्राहमपुर निवासी राजेंद्र कुमार शर्मा ने आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए साक्ष्य सहित शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त से कर दी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयुक्त ने उक्त शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी को जारी कर दिए। चुनाव आयुक्त के आदेशों का संज्ञान लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएसए को शिक्षिका को निलंबित करने को आदेशित कर दिया। इसके बाद बीएसए ने शिक्षिका सोनी गुप्ता को निलंबित करते हुए उसी स्कूल में संबद्ध कर दिया। साथ ही इस प्रकरण की जांच बीईओ कादरचौक को सौंप दी।

# गलत शपथ पत्र देकर पाई प्रधानी अब दर्ज होगी रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** सीजेएम मोहमद साजिद ने थाना फैजगंज बेहटा के प्रभारी निरीक्षक आदेशित किया है कि गांव सिकरी के प्रधान पर धोखाधड़ी, गलत नियत से दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्तमान प्रधान ने चुनाव के दौरान गलत शपथ पत्र दिया था।

गांव निवासी सीमा रानी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह वर्ष 2021 मे प्रधान पद की दावेदार थीं। चुनाव में वह दूसरे नंबर पर रही थीं। अन्य दस और दावेदार थे। मौजूदा प्रधान ज्योति आर्य ने चुनाव के दौरान अपनी उम्र 25 साल बताई थी। जबकि उस दौरान उनकी उम्र 20 साल थी। चुनाव अधिकारी को दिए गए शपथ पत्र में भी अपनी उम्र 25 साल बताई गई थी जबकि नियम के अनुसार चुनाव लड़ने के लिए कम से कम उम्र 21 साल होनी चाहिए थी।

# महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिजनों ने लगाया हत्या करने का आरोप
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव खरखौल निवासी कालीचरण की शादी लगभग दस साल पहले जिला संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव दुवारी कला निवासी ऊषा पुत्री राजेंद्र के साथ हुई थी। रविवार को किसी बात से परेशान होकर ऊषा ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसके कस्बा के अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

सूचना मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा। पुलिस को बुलाया। ससुरालीजनों पर ऊषा को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसकी रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जिसके चलते विसरा प्रिजर्व किया गया है। जरीफनगर के थाना प्रभारी रविकरन ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कोतवाली कीटनाशक दवा की खाली शीशी लेकर कोतवाली पहुंची महिला, गंभीर

**बदायूं।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव मिहोना निवासी सपना पुत्री नारायण सोमवार देर शाम कीटनाशक दवा की खाली शीशी लेकर कोतवाली उझानी पहुंच गई। पुलिस से बोली की उसने जहर खा लिया है। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसने कीटनाशक दवा खाने का कारण नहीं बताया है। पुलिस को उसने बस इतना ही बताया कि वह अपने मायके गांव पीरनगर रह रही है।

# अल्पसंख्यक वर्ग के दर्जन भर लोग हुए भाजपा में शामिल

**सहसवान ,अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री चौधरी पुत्तन आजाद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में जितना विकास कार्य हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। पार्टी ने जनता से जा वादे किए थे उन्हे पूरा कर दिया गया है। इस मौके पर दर्जन भर लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सहसवान क्षेत्र के गांव नैनोल वागबाला में एक बैठक में जिला मंत्री आजाद ने कहा कि भाजपा के साथ सर्व समाज जुड़ा हुआ है, और लोग फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने जा रहे हैं। अल्पसंख्यक वर्ग भाजपा के साथ है, भाजपा में ही पूरी तरह सुरक्षित हैं। भाजपा में शामिल लोगों में इकरार अहमद, सुआले अहमद, इसरार अली, शमी अहमद, दानिश, हाशिम अली, मोहम्मद अकमल अली, शेर अली, फहीम अहमद, नन्हे चौधरी, खालिद चौधरी, सरवर अली, दान उल-हक, जुगनू, कल्लू , शराफत खान, मजाहिर अली, निजाम अहमद, असद, सोनू आदि हैं।

## सार-संक्षेप

### मां दुर्गा के विभिन्न रूपों में सजी कन्याओं का हुआ पूजन



**बदायूं :** नवरात्र में कछला गंगा तट पर रविवार शाम को हुई महाआरती में आदिशक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में सजी कन्याओं का सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन किया। कछला गंगा तट पर महाआरती के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में सजी देवकन्याएं पहुंच गई। देवकन्या माही, राधिका, नित्या, कीर्ति, ब्रजमोहन आदि मां दुर्गा, मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी, मां सिद्धिदात्री के स्वरूपों में सजी देवकन्याओं का श्रद्धालुओं ने पूजन कर विशेष प्रकार के मिष्ठान का भोग लगाया। फल, फूल, वस्त्र आदि अर्पित किए। गंगा भक्त योगेश, राधे, सुमित ने मां गंगा आरती की। पूर्वी सक्सेना, सुनीता उपाध्याय ने गंगा महाआरती के दौरान देवकन्याओं का पूजन किया। नीरज शर्मा ने भोग लगाया। इस अवसर पर मधुलता सक्सेना, सिया, पूर्वी सुनीता आदि मौजूद रहीं।

### मुस्लिम खां आधिकारिक रूप से बसपा प्रत्याशी घोषित

**बदायूं।** बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व विधायक मुस्लिम खां को लोकसभा चुनाव से प्रत्याशी घोषित किया है। सोमवार को बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी शमसुद्दीन रायन ने एक होटल में आधिकारिक रूप से घोषणा की। उन्होंने कहा कि बसपा ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर टिकट बांटे हैं। कहा कि भाजपा और सपा डराकर वोट लेती है। सपा मुसलमानों को हिंदू और भाजपा हिंदुओं को मुसलमानों का डर बनाती है। प्रत्याशी मुस्लिम खां ने कहा कि उनसे मजबूत प्रत्याशी और कोई नहीं है। वह लोकल के हैं। वह बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती को जीत जिताकर देंगे।

### सपा नेता ने बाबा साहेब को किया नमन

**विजय नगला ।** समाजवादी पार्टी के सदर विधान सभा अध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव ने क्षेत्र के गांव कुंडरा पहुंच कर डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर गांव में अम्बेडकर शोभायात्रा भी निकाली गयी जिसमें कई मनमोहक झांकियां शामिल रहीं।रविवार को बाबा भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस मौके पर सपा विधान सभा अध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव ने कुंडरा गांव में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। इस मौके पर गांव में शोभा यात्रा भी निकाली गयी। शोभा यात्रा में अनेक मनमोहक झांकियां शामिल रहीं। इस मौके ब्रह्मपाल सिंह यादव, सतीश जाटव, राजेंद्र, भूदेव यादव, श्याम यादव, धीरेंद्र श्रीवास्तव धनवीर याद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने मनाया प्रेरणा उत्सव

**बदायूं :** शहर के मदर एथीना स्कूल में सोमवार को प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच कविता लेखन, निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते हुए देश एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों के साथ-साथ संचार में बदलते भारत की तस्वीर के विषय में भी अपने ज्ञान का परिचय दिया। कविता लेखन में अग्रिम दत्त भारद्वाज, पोस्टर मेकिंग में शुभी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### कुष्ठ रोगियों को दी गईं दैनिक उपयोग की सामग्री

**बदायूं :** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश और इंडियन स्काउट और गाइड फेलोशिप के तत्वावधान में कछला स्थित कुष्ठ आश्रम पर 105 से अधिक कुष्ठ रोगियों को भोजन और दैनिक उपयोग का सामान वितरण किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना के नेतृत्व में पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, महिपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, निखिल सिंह चौहान, पूर्वी सक्सेना, हरपाल सिंह आदि की टीम कछला स्थित मानव सेवा समिति कुष्ठ आश्रम, बड़ी गंगा कुष्ठ आश्रम पहुंची। टीम ने 105 कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया। नहाने, कपड़े धोने का, पट्टियां, दवाइयां, चाय की पत्ती आदि सामान वितरण किया। कुष्ठ रोगियों को उनकी जरूरतों का सामान बांटते हुए उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि यह सेवाभाव का एक सशक्त माध्यम है। इन लोगों की मदद करना सबसे बड़ा परोपकार है। अन्य लोगों को भी इसी तरह जनहित के सेवा कार्य करते रहना चाहिए।

# सभी वादे किए पूरे, जल्द सीएए लागू करेगी भाजपा : धर्मपाल




प्रेस वार्ता में जानकारी देते कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा ने अपना संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 जारी कर दिया है। जिसके संबंध में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता की। कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र का हर वादा पूरा किया है। जल्द ही समान नागरिकता संहिता (सीएए) भी लागू कर दी जाएगी। कहा कि भाजपा अपराधियों का सफाया करती है जबकि सपा अपराधियों को बढ़ावा देती है।

- प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बोले अपराधियों का सफाया करती है भाजपा और बढ़ावा देती है सपा

कैबिनेट मंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी नाम देने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस जो काम अपने 60 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाई वह मोदी ने 10 साल में कर दिखाया। कांग्रेस का अध्याय खत्म हो गया है जबकि भाजपा का अध्याय शुरू हुआ है। इस दौरान भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता रहे।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान जिला मुरादाबाद के अस्पताल में मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। देर शाम तक परिजनों ने अंतिम संस्कार नहीं किया। आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग करते रहे। पुलिस ने मारपीट के बाद छह आरोपियों के खिलाफ बलवा समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस रिपोर्ट को गैर इरादतन हत्या में तरमीम करेगी।



किशनवीर।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव पलई निवासी किशनवीर (40) पुत्र सौदान सिंह खेती करते परिवार का पालन पोषण करते थे। 30 मार्च की रात कुछ लोग उनके परिवार के और पड़ोस में रहने वाले राजपाल के घर विवाद कर रहे थे। किशनवीर शोर सुनकर राजपाल के घर गए थे। जहां मौजूद लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। किशनवीर वहां से चले गए। कुछ देर के बाद मुनेश, वीरेश, सतीश, अवनीश, सचिन, अवधेश लाठी-डंडे और फावड़ा लेकर उनके घर में घुस गए। किशनवीर और उनके परिजनों पर हमला कर दिया। जिसमें किशनवीर, सोनू, बताशो, राजेश्वर, विनोद, मनवीर, मोर सिंह, राजपाल और प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। किशनवीर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ बलवा, जबरन घर में घुसने, मारपीट, धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं इलाज के दौरान रविवार को किशनवीर की मौत हो गई। वहीं सोनू, बताशो का राजकीय



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद किशनवीर के परिजन। ● अमृत विचार

- 30 मार्च की रात घर में घुसकर पड़ोसियों ने किया था हमला नौ लोग हुए थे घायल
- देर शाम तक परिजनों ने नहीं किया अंतिम संस्कार, आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े परिजन

मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन पोस्टमार्टम हाउस से शव गांव ले गए लेकिन अंतिम संस्कार नहीं किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। परिजनों का पुलिस पर आरोपियों से सांठगांठ करने का आरोप है। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। परिजनों को समझाया। वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मारपीट के दौरान घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मारपीट के बाद दर्ज की गई रिपोर्ट को गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया जाएगा।

# सपा प्रत्याशी आदित्य यादव सहित दो लोगों ने कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी से आदित्य यादव और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी किशोर कुमार ने सोमवार को नामांकन कराया। साथ ही छह लोगों ने पर्चे खरीदे। सपा प्रत्याशी लाव लश्कर के साथ नामांकन कराने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, रामखिलाड़ी यादव मौजूद रहे। उनके पिता शिवपाल यादव दिखाई नहीं दिए। नामांकन से पूर्व सपा प्रत्याशी ने नगला और बिरुआ बाड़ी मंदिर में पहुंचकर पूजा कर आर्शीवाद मांगा। उसके बाद उन्होंने छोटे सरकार दरगाह पहुंचकर कर चादरपोशी की। नामांकन कराने के बाद सपा प्रत्याशी ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सबके मन में शांति हो, सद्भावना हो। पिछली बार हार की वजह कई सारी थीं। इस बार पूरी तरह से पार्टी और संगठन चाक चौबंद है। शासन से हम यही अपेक्षा करते हैं कि सभी पार्टी के उम्मीदवारों को निष्पक्ष रूप से चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए।

- बसपा के प्रत्याशी मुस्लिम खां सहित छह लोगों ने की नामांकन पत्रों खरीदारी



पर्चा दाखिल करते आरएसपी प्रत्याशी किशोर कुमार।



धर्मेंद्र यादव के साथ पर्चा दाखिल करते सपा प्रत्याशी आदित्य यादव।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को कलेक्ट्रेट खुला। नामांकन के चौथे दिन सपा प्रत्याशी सहित दो लोगों ने पर्चा दाखिल किया। वहीं बसपा के प्रत्याशी मुस्लिम खां सहित छह लोगों ने नामांकन पत्रों की खरीदारी की। जिसमें तीन निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने दो सेटों में पर्चा दाखिल किया। करीब दो बजे सपा प्रत्याशी का काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। जिसे पुलिस ने नामांकन स्थल से सौ मीटर दूर इस्लामिया कॉलेज के पास रोक दिया। मात्र पांच लोगों के लिए ही उनके साथ जाने की अनुमति दी। सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव और गुन्नौर से पूर्व विधायक रामखिलाड़ी यादव उनके साथ मौजूद रहे। यहां पहुंचकर उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया।

### निर्वाचन क्षेत्र बदला है टिकट नहीं कटाः धर्मेंद्र यादव

**बदायूं।** सोमवार को सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने बदायूं लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल किया। उनके साथ पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव भी मौजूद रहे। नामांकन कराने के बाद सपा प्रत्याशी ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सबके मन में शांति हो, सद्भावना हो। पिछली बार हार की वजह कई सारी थीं। इस बार पूरी तरह से पार्टी और संगठन चाक-चौबंद है। वहीं आजमगढ़ प्रत्याशी ने कहा कि मेरा टिकट कटा नहीं, सिर्फ संसदीय क्षेत्र बदला गया है। बोले-बदायूं की जनता के बीच से मुझे आजमगढ़ की जनता के बीच भेजा गया है। आजमगढ़ में भी समाजवादियों का वही इतिहास रहा है, जो बदायूं में रहा है। मुझे खुशी इस बात की है कि नेताजी का दिल जिन जगहों पर रहा, उन जगहों से मुझे भी चुनाव लड़ने का मौका मिला। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए आजमगढ़ प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा के घोषणा पत्र पर बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी कितनी ही अच्छी बातें कर लें, लेकिन जनता अब उनकी बात मानने को तैयार नहीं है। वह कहते थे कि देश नहीं बिकने दूंगा पर उन्होंने देश की अब तक की जितनी भी कमाई की थी। वह सारी अपने दोस्तों को किसी न किसी रूप में सौंप दी। भाजपा के घोषणा पत्र पर अब किसी को यकीन नहीं है, क्योंकि इनका घोषणा पत्र झूठ के ढकोसले व जुमलों के अलावा कुछ नहीं है। कहा कि जनता वादो पर काम पर यकीन करती है। सब जानते हैं कि बदायूं में किसकी सरकार में विकास कार्य हुए हैं।

### ढाई लाख की पिस्टल रखते हैं सपा प्रत्याशी, चल रहा है आयकर का केस

सोमवार को सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने दो सेटों में नामांकन कराया। नामांकन के दौरान उनके द्वारा पेश किए गए दस्तावेजों के मुताबिक उनके पास 2.68 लाख से अधिक कीमत की एक पिस्टल है। साथ आगरा में आयकर विभाग में केस चल रहा है। उनके पास कुल सचल अचल कुल 169,728,012 संपत्ति है। जिसमें उनके पास 165,222,574 और उनकी पत्नी राज लक्ष्मी सिंह यादव के पास 4,505,438 संपत्ति है। सपा प्रत्याशी के पास तीन लाख और पत्नी के नाम दस लाख कीमत के आभूषण हैं। पति-पत्नी के नाम कई बैंकों में लाखों रुपये की एफडी तथा शेयर हैं। सपा प्रत्याशी की बैंक में तीन लाख और उनकी पत्नी के खाते में कुल 1.65 धनराशि है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को निकाली जागरूकता स्कूटी रैली

**बदायूं, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम कराए जा रहे है। स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूटी बाइक रैली निकाली गई। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पूर्व मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

स्कूटी बाइक रैली का आयोजन इस्लामिया कॉलेज में किया गया। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। रैली में शामिल लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। रैली पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त हो गई। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी ने रैली शामिल लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, एआरटीओ (प्रवर्तन) अंबरीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, बीएसए स्वाती भारती रहीं।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


# गला दबाकर हुई थी प्रियंका की हत्या

## सोमवार को पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, कमरे में फंदे पर लटका मिला था शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का शव फंदे पर मिला था। पुलिस आत्महत्या मान रही थी। मायका पक्ष ने अतिरिक्त दहेज न देने पर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया तो महिला की गला दबाकर हत्या की बात सामने आई। महिला के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।


मृतक प्रियंका।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक महिला के परिजन। ● अमृत विचार

शाहजहांपुर जिले के थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव मोहटा निवासी विक्रम पाली की बेटी प्रियंका (25) की शादी साल 2021 में दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी सतेंद्र पाली पुत्र ओमकार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहा था। रविवार सुबह प्रियंका का शव उनके घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला था। परिजनों ने ग्रामीणों को बताया कि वह गेहूं की फसल काटने के लिए खेत पर गए थे। प्रियंका घर पर अकेली थी। उसने अपने दुपट्टा से फंदा लगाकर जान दी है। गांव में यह चर्चा फैलाने के बाद ससुरालीजन फरार हो गए। ग्रामीणों ने प्रियंका के मायका पक्ष को फोन करके सूचना दी। मायक पक्ष गांव कल्यानपुर पहुंचा। महिला के पिता विक्रम पाली ने बताया कि कुछ दिन पहले प्रियंका बीमार हो गई थी। ससुरालीजनों ने उसका इलाज कराया था। जिसमें काफी रुपये खर्च हो गए थे। जिसके चलते ससुरालीजन प्रियंका का उत्पीड़न करते थे। बात-बात पर प्रताड़ित

- मृतक महिला के पिता की तहरीर पर पति और सास-ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

करने लगे। अतिरिक्त दहेज मांग कराना शुरू कर दी। असमर्थता जताने पर वह प्रियंका से मारपीट करने लगे थे। उन्होंने बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला के पति सत्येंद्र पाली, सास गंगा देवी, ससुर ओमकार के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई। वहीं दातागंज कोतवाल अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बाइक की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** मजदूरी करके गुजरात से लौट रहे युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन शव गांव लाए और अंतिम संस्कार कर दिया।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव जमालपुर पीयरी निवासी जय नारायण गुजरात में रहकर मजदूरी करते थे। 12 अप्रैल को वापस गांव आ रहे थे। रोडवेज बस से बदायूं-मेरठ राजमार्ग की चोई की पुलिया के पास उतरे और अपने गांव की ओर पैदल बढ़े। वहां से गुजरी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवार हादसे वाली जगह से अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने घायल के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए जय नारायण को दिल्ली ले गए। जहां एक अस्पताल में रविवार को उनकी मौत हो गई।

# आंखों का ड्रॉप लेने गई महिला की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आंखों में परेशानी होने पर ड्रॉप लेने दातागंज गई महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई। किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव साबितगंज निवासी खिलौना देवी (40) पत्नी सत्यपाल को कुछ दिनों से आंख संबंधी समस्या हो गई थी। उन्होंने चिकित्सक को दिखाकर दवा ली। चिकित्सक ने एक ड्रॉप दिया। जो खत्म हो गया था। रविवार को खिलौना देवी टेंपो से कस्बा दातागंज गई थीं। ड्राप लेने के बाद दोपहर लगभग 12 बजे वापस लौट टेंपो से गांव लौटी थीं। अपने गांव के अड्डा गांव करनपुर के पास उन्हें टेंपो चालक को आवाज लगाकर रुकने

- रविवार को टेंपो से उतरने पर महिला को टक्कर मारकर भाग गया था वाहन


मृतक खिलौना देवी।

को बोला लेकिन गति ज्यादा होने की वजह से चालक ने कुछ आगे जाकर टेंपो रोका। खिलौना देवी सड़क पार करके अड्डे से अपने गांव जाने वाले मार्ग की ओर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। उनके सिर, कंधे और पैर में चोट आई। राहगीरों की सूचना पर महिला के परिजन पहुंचे। महिला को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने महिला को रेफर कर दिया। परिजन बरेली के अस्पताल ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। महिला को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।


अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।
बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

आप सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
मां वैष्णो ग्रुप ऑफ प्रॉपर्टीज
बदायूं

सोनी सैनी 7078141111
सनी सक्सेना 7078131111

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# परिजनों ने मांगी मांफी, बच्चा चोरी की बात निकली झूठी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज से नवजात चोरी किए जाने का आरोप लगाने वाली महिला ने व उसके परिजनों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से क्षमा याचना करते हुए लिखित माफी मांगी है और बच्चा चोरी के आरोप को झूठा बताया है।

बिल्सी क्षेत्र के ग्राम गढ़ी निवासी सोनू की पत्नी सरोजिनी ने रविवार को राजकीय मेडिकल कालेज में नवजात चोरी हो जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था। सरोजिनी ने कहा कि उसके नवजात को चोरी कर लिया गया है। इस मामले को लेकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मरीजों और चिकित्सकों से पूछताछ की जिसमें

- राजकीय मेडिकल कालेज में महिला ने नवजात की चोरी का लगाया था आरोप

बच्चा चोरी की बात से इनकार किया गया था। वहीं राजकीय मेडिकल कालेज की ओर से एक बुलेटिन जारी करते हुए बताया गया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह गलत आरोप लगा रही है। जबकि महिला यहां पर भर्ती है।

सोमवार को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने एक बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि आज महिला और उसके परिजनों ने लिखित में माफी मांग ली है। महिला ने कहा कि बच्चा चोरी का आरोप झूठा था। वह अपनी गलती के लिए माफी मांगती है।

# निजी नलकूपों को चोर बना रहे निशाना

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने निजी नलकूप स्वामियों की नाक में दम कर दिया है। बेखौफ चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं । चोरों ने बुधवार की रात ग्राम भगवतीपुर और भजपुर के जंगल में आधा दर्जन निजी नलकूपों से हजारों का सामान चोरी कर लिया था। जिसके पांच दिन के वाद रविवार की रात को बरातेगदार निवासी किसान सरवेश, मुकेश पटेल, आवेश, उपदेश, राजवीर, प्रताप, राकेश पटेल, छत्रपाल तथा गांव सिलहरी निवासी किसान अमन और महेंद्र सिंह पटेल समेत लगभग एक दर्जन टूवैलो के दरवाजों के ताले तोड़कर उसमें रखा स्टार्टर, हेल्पर, केबल आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया। किसानों ने चोरी की सूचना थाना पुलिस को दी है ।

# मंदिर पर मिला मेला देखने गए युवक का शव

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** रामनवमी के अवसर पर लगा मेला देखने गए युवक का शव मंदिर पर मिला। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए मौके पर पहुंचे। किसी पर भी आरोप नहीं लगाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सिद्धपुर चित्रसेन निवासी धर्मेंद्र सिंह (28) पुत्र हेमराज सिंह ठेला पर रखकर गांव में घूमकर सब्जी बेचते थे। कुछ दिनों से उन्होंने सब्जी का काम बंद किया और मजदूरी करने लगे थे।


मृतक धर्मेंद्र सिंह।


पोस्टमार्टम हाउस पर विलाप करते मृतक धर्मेंद्र सिंह के परिजन।

रविवार घर पर खाना खाने के बाद वह मेला देखने जाने के लिए घर से चले गए। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई लेकिन उन्हें लगा कि धर्मेंद्र सिंह मेला में कंपनी देखने के लिए रुक गए होंगे। सोमवार सुबह मेला के दुकानदारों की सूचना पर पुलिस पहुंची। मेला परिसर में खेरे के मंदिर के पास धर्मेंद्र सिंह का शव चादर से ढका हुआ था। पुलिस ने नब्ज चेक की तो उसकी मौत की जानकारी हुई। दुकानदारों ने बताया कि सुबह से धर्मेंद्र सिंह चादर से ढका हुआ था। उन्हें लगा कि वह सो रहा है लेकिन आवाज लगाने पर भी वह नहीं उठा तो पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने युवक के परिजनों को जानकारी दी। धर्मेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जहां युवक के ससुर चीत्कार करते हुए पहुंचे। मृतक के परिजनों ने उन्हें ढांढस बंधाया।

- रविवार देर शाम खाना खाकर घर से निकला था युवक
- दुकानदारों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस

### श्मशान घाट के पास मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**वजीरगंज।** रविवार देर शाम थाना वजीरगंज क्षेत्र में बिल्सी रोड स्थित श्मशान भूमि के पास युवक का शव पड़ा मिला। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। रविवार देर शाम वजीरगंज बिल्सी रोड पर स्तिथ श्मशान घाट के पास लगभग 23 वर्षीय युवक को नशे की हालत में पड़ा देखा गया। लोगों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने युवक की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवाया है।

## एक नजर

### चकरोड पर अवैध कब्जा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव सूरजपुर निवासी रामनिवास और किशनपाल समेत कई ग्रामीणों ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में गांव में चकरोड पर कुछ दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जा रोकने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका खेत पर खसरा गाटा सं0 221 से खसरा गाटा सं0-225 तक सरकारी चकरोड गया है। जो अभिलेखों में दर्ज है। जिस पर गांव के कुछ दबंग लोग चकरोड तोड़कर उस पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। जिससे उनका खेत पर जाने का रास्ता बंद हो गया है। साथ ही गांव के लोगों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि इसको लेकर उन्होंने थाना पुलिस और तहसील अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। मगर किसी ने कोई गौर नहीं किया है। उन्होने डीएम से सरकारी चकरोड पर अवैध कब्जा रोके जाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### रंजिशन युवक को लोहे की रॉड से पीटा

**बिल्सी ।** थाना क्षेत्र के गांव खैरी में रविवार की शाम एक युवक को रंजिशन दूसरे युवक ने लोहे की रॉड से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की है। गांव खैरी निवासी इसरार पुत्र गुलफाम ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की शाम गांव में किसी से बात कर रहा था। तभी गांव निवासी एक युवक वहां आया और पुरानी किसी बात को लेकर उनके साथ गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। जिससे वह घायल हो गया। तमाम तरह की धमकी देते हुए हमलावर भाग गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, तीन घायल

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव शाहपुर तहरखेड़ा में दो पक्ष में विवाद हो गया। दोनों पक्ष में लाठी-डंडे चले। एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव निवासी विकार पुत्र वाहिद खां सुबह लगभग सात बजे दूध लेने डेयरी पर जा रहे थे। रास्ते में तुलन पुत्र जमील मिल गए। दोनों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया।

- एक युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती
- पीड़ित लोगों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर


मारपीट के बाद सीएचसी के बाहर पड़े ईंट-पत्थर।

शोर सुनकर दोनों पक्ष के लोग आ गए। कहासुनी हुई और लाठी-डंडे चलने लगे। विकार, उनके भाई इकरार, मिट्ठन पुत्र इशाक खां घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। आरोप है कि तुलन पक्ष के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। वहां भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर पत्थर फेंकने लगे तो अस्पताल का स्टाफ घबरा गया।

# निरीक्षण के डर से थाने की दुरुस्त की जा रहीं व्यवस्थाएं

**बदायूं, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने का किसी भी दिन निरीक्षण किया जा सकता है। निरीक्षण करने को मुरादाबाद के जीआरपी एसपी यहां आएंगे और उनके समक्ष समस्याओं को रखा जाएगा। जीआरपी ने निरीक्षण की तैयारियां कर ली हैं। बदायूं रेलवे स्टेशन जीआरपी मुरादाबाद परिक्षेत्र में आता है। इसलिए थाने का निरीक्षण मुरादावाद के जीआरपी एसपी ही करते हैं। अब तक वह करीब करीब 70% थानों का निरीक्षण कर चुके हैं।

# छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के 7 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 3 साल की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने दोषी पर 12 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। यह धनराशि न देने पर दोषी को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भी भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी वादिनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 29 जुलाई 2017 को गांव में किसी की मौत हो गई थी। वह गमी में शामिल होने गई थी। उसकी 14 साल की बेटी घर पर अकेली थी। सुबह लगभग 11 बजे गांव निवासी विजेंद्र पुत्र राधेश्याम उनके घर में जबरन घुस आया। घर में किशोरी को अकेली पाकर दबोच लिया और अश्लील हरकत की। किशोरी ने विरोध किया और वह चिल्लाई, तो पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को देखकर आरोपी विजेंद्र भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद साक्ष्य संकलित करके विजेंद्र के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। जिसके बाद से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। सोमवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद विजेंद्र को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

- दोषी पर 12 हजार रुपये लगा जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी आधी धनराशि

# घर में घुसकर महिलाओं को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

कर्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक युवक ने अपने रिश्तेदार के घर जाकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट करके घायल कर दिया। महिलाओं को इलाज कराया। पीड़िता के बेटे ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला शर्की निवासी पुष्पेंद्र पुत्र अनिल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 अप्रैल देर शाम वह घर पर नहीं थे। आरोप लगाया कि गांव मोंगर निवासी उनके रिश्तेदार सुमित पुत्र मुकेश शराब पीकर आए और उनके घर के बाहर आकर गाली देने लगे। पुष्पेंद्र की मां राजेश्वरी देवी, बुआ चंद्रवती ने विरोध किया तो सुमित ने लाठी लेकर उनके घर में घुसने की कोशिश की। राजेश्वरी ने घर का दरवाजा बंद कर दिया। सुमित ने धक्का देकर दरवाजा खोल लिया। सुमित ने दोनों महिलाओं के साथ मारपीट करके उन्हें घायल कर दिया। घर में खीच पुकार मच गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आए गए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। सूचना मिलने पर पुष्पेंद्र घर आए। घायल महिलाओं को कोतवाली ले गए। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए भेज दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जबरन घर में घुसने, मारपीट, धमकाने, मौत होने जैसा कार्य करने, आपराधिक बल का प्रयोग करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

- मारपीट में घायल हुई दो महिलाएं, एक महिला के बेटे की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**लापरवाही** ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पड़ रही लोगों पर भारी, एक होमगार्ड संभाल रहा ट्रैफिक व्यवस्था, नहीं रुकते वाहन चालक

# कश्मीरी होटल चौराहे पर लगा भीषण जाम, राहगीर रहे हलकान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के बीच भीड़भाड़ वाले कश्मीरी चौराहे पर अक्सर जाम लगता है। फिर भी यहां पर मात्र एक होमगार्ड को तैनात किया जाता है। शहर का सबसे व्यस्ततम चौराहा होने के बाद भी यहां पर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है। सोमवार को करीब एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। भीषण गर्मी और तपिश के चलते वाहन चालक हलकान रहे।

शहर के बीच कश्मीरी चौराहे पर तकरीबन हर समय वाहनों का रेला निकलता है। बाजार जाने वाले वाहन इसी चौराहे से गुजरते हैं। जबकि रजी चौक से आने जाने वाले आटो ई-रिक्शा भी इसी रोड से होकर कचहरी और रोडवेज बस स्टेंड तक जाते


भीषण गर्मी में कश्मीरी होटल चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

हैं। इस चौराहे पर हर समय वाहनों का आवागमन होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को करीब 12 बजे यहां पर ऑटो और ई-रिक्शा जब इधर से गुजरे तो जल्दी निकालने के चक्कर में आड़े तिरछे करके भागने की कोशिश में जाम लग गया। जाम ऐसा लगा कि करीब एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। मात्र एक होमगार्ड वाहनों को निकालने का प्रयास करता रहा जो असफल रहा।

उसके लाख कोशिशों के बाद भी जाम नहीं खुला, जिससे शब्बीर गेट तक वाहनों की लाइन लग गयी। उधर गद्दी चौक तक वाहन जाम में फंसे रहे जबकि गांधी ग्राउंड मंदिर तक ई रिक्शा और वाइके जाम में फंसे रहे। यहां पर जाम लगने से कई रोड बंद हो गए। कोई वाहन नहीं निकल सका। काफी देर बाद जब रोडवेज चौकी से पुलिसकर्मी दौड़ कर मौके पर पहुंचे तो वाहनों को मुश्किल पास कराया जा सका। कश्मीरी चौराहे पर पुलिस की व्यवस्था नहीं रहती है। यहां पर मात्र एक होमगार्ड तैनात कर दिया जाता है। होमगार्ड को लोग तरजीह नहीं देते हैं और उसके सामने से इधर उधर को वाहन दौड़ाने की कोशिश करते हैं। तभी जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के कारण इस चौराहे पर हर रोज जाम लगता है। कम जगह होने के बाद भी वाहनों को इधर उधर नहीं रोका जाता है। किसी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस नहीं दिखती है। रोडवेज के आस पास पुलिस रहती है, जबकि अन्य किसी स्थान पर पुलिस नहीं रहती है जिससे शहर में कहीं न कहीं हर रोज जाम से जूझना पड़ता है।

### सुभाष चौक में भी लगे जाम ने किया परेशान

उधर, सुभाष चौक पर दिन में दो से तीन बार जाम की स्थिति बनी रहती है। सुभाष चौक पर भी मात्र एक होमगार्ड रहता है। सुबह को जब स्कूली बच्चों के वाहन निकलते हैं तो यहां पर जगह नहीं रहती है। बाइकें तक नहीं निकल पाती हैं। सुभाष चौक बाजार के निकट है इसलिए बाजार आने वाले लोग यहीं से गुजरते हैं। उसके बाद जब स्कूली बच्चों की छुट्टी होती है तो फिर जाम लग जाता है। इस चौराहे पर कुछ समय पहले तक दरोगा और सिपाही बैठते थे। मगर अब कोई नहीं बैठ रहा है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

# गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ गए उल्टी और दस्त के मरीज

## मौसम बदलाव, गर्मी व लू के चलते जिला अस्पताल में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मौसम में आ रहे बदलाव के बाद सर्दी खांसी बुखार के मरीजों की संख्या में कमी आने की बजाए और वृद्धि हो रही है। गंभीर मरीजों को भर्ती भी करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में पिछले कई दिनों से करीब चार सौ से पांच सौ मरीज आ रहे हैं।

होली के बाद से वैसे तो गर्मी शुरू हो चुकी है। दिन में तपन और गर्मी होती है जबकि रात को तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे लोगों में सर्दी खांसी बुखार की समस्या बनी हुई है। खास कर श्वास के मरीजों को इस मौसम में भारी परेशानी हो रही है। सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। लगभग सभी चिकित्सक भी मौजूद रहे। सभी चिकित्सक होने के बाद भी दोपहर एक बजे तक मरीजों को लाइन में लग कर पहले पर्चे बनवाने पड़े बाद में लाइन में लग कर चिकित्सक को दिखाना पड़ा, और फिर लाइन में लग कर ही उन्हे दवाएं मिल सकीं। इस तरह सोमवार का दिन भीड़भाड़ वाला रहा। फिजीशियन डा. एसपी सिंह ने बताया कि जब तक मौसम सामान्य नहीं हो जाता तब तक यहीं स्थिति रहेगी। आज जिला अस्पताल की विभिन्न ओपीडी में करीब पांच सौ मरीजों को देखा गया जिसमें से 50 प्रतिशत मरीज बुखार खांसी के रहे। करीब 246 मरीजों को बुखार और खांसी की समस्या निकली। जबकि तीन श्वास के मरीजों को भर्ती किया गया।श्वास के मरीजों को करीब तीन से चार दिन तक भर्ती करना पड़ रहा है तब कहीं जाकर उन्हे आराम मिल रहा है।



जिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर मरीजों की लगी लाइन।

- ओपीडी में लग रही मरीजों की भीड़, कुछ को किया गया भर्ती

सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने कहा कि मौसम बदलने से बुखार की समस्या कम नहीं हो रही है। लोग दिन में हल्के कपड़े पहनते हैं जबकि रात को मौसम नरम रहता है। रात को एसी-कूलर चलाने से सर्दी की शिकायत हो रही है। लोगों को अभी कूलर-एसी से बचना चाहिए। करीब 500 मरीज हर रोज देखे जा रहे हैं। जिनमें से बुखार और सर्दी-खांसी के मरीज अधिक होते हैं।

### टाइफाइड की चपेट में आ रहे बच्चे



जिला महिला अस्पताल में इस समय उल्टी दस्त से पीड़ित बच्चे आ रहे हैं इनमें 40 प्रतिशत बच्चे टाइफाइड से पीड़ित हैं। टाइफाइड से पीड़ित बच्चों को साफ स्वच्छ पानी की जरूरत है। जिला महिला अस्पताल में इन दिनों छह महीने से एक साल तक के बच्चे आ रहे हैं उन्हें उल्टी दस्त की समस्या है। सोमवार को करीब 184 बच्चों को देख कर दवाएं दी गईं, जिसमें से करीब 60 बच्चों को टाइफाइड निकला। टाइफाइड के शिकार बच्चों के परिजनों को सलाह दी गई कि बच्चों को तरल पदार्थ और पानी उबालकर दें। किसी भी सूरत में ठंडा पानी न दें। छह महीने तक के बच्चों को बाहर कम ही निकालें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार वासु ने बताया कि बच्चों को गंदे कपड़े और गंदा पानी दिया जा रहा है, जिससे उनके शरीर में इन्फेक्शन हो रहा है। गंदगी से बच्चों को बचाना होगा। उन्हे साफ कपड़े ही पहनाएं। ठंडी चीजें बिल्कुल न दें। पानी उबाल कर रखें वही उन्हे दिया जाए। बच्चों को हल्का भोजन खिलाएं। टाइफाइड के शिकार बच्चों को दूध न दें। बच्चों को साफ बिस्तर पर ही लिटाएं, जिससे उनकी त्वचा को नुकसान न पहुंचे।

## सहायक आबकारी आयुक्त ने शराब की दुकानों को किया चेक

**कछला ,अमृत विचार :** सहायक आबकारी आयुक्त एवं आबकारी अधिकारी ने अपनी टीम के साथ कछला व क्षेत्र में शराब की दुकानों को चेक किया। सहायक आबकारी आयुक्त अमित कुमार एवं आबकारी अधिकारी आर के तिवारी ने कछला में अंग्रेजी एवं देशी शराब की दुकानों को चेक किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों के आगे शराब के रेट लिखने, दुकानदार का नाम मोटे अक्षरों में लिखने एवं 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को शराब न देने और दो पाउच से अधिक की बिक्री न करने के सेल्समैनों को निर्देश दिए। इस दौरान आबकारी इंस्पेक्टर रोहित शर्मा, चमन सिंह, सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार, परमहंस आदि साथ रहे।

# अस्पताल की सीढ़ियों पर गर्भवती की बिगड़ी हालत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कई बार शिकायत करने के बाद भी सही नहीं कराई जा रही लिफ्ट
- गर्भवती को नहीं मिली व्हील चेयर परिजनों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** सात महीने की गर्भवती महिला जिला महिला अस्पताल में महिला चिकित्सक को दिखाने पहुंची जहां सीढ़ियों से ऊपर चढ़ते समय उसकी हालत बिगड़ गई। महिला के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत करने की बात कही है।

कस्बा सखाने निवासी सावित्री सोमवार को अपनी पुत्रवधू संगीता को लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंची। संगीता सात महीने की गर्भवती है। वह महिला अस्पताल में महिला चिकित्सक ने उसे भर्ती करने को कहा, भर्ती होने के लिए वह दूसरी मंजिल पर जा रही थी। सीढ़ियां चढ़ते समय संगीता की तबीयत बिगड़ गई। वह सीढ़ियों पर ही गिरने लगी तो उसकी सास सावित्री ने उसे पकड़ लिया। काफी देर तक संगीता परेशान रही। फिर किसी तरह वह ऊपर पहुंची।



सीढ़ियां चढ़ रही गर्भवती महिला।

सावित्री ने बताया कि उसकी बहु को ब्लड कम होने की वजह से दिक्कत हो रही है। वह चलने की स्थिति में भी नहीं है। जिसके बाद वह दूसरी मंजिल पर जा रही थी। ऊपर जाने के लिए उसने व्हील चेयर मांगी मगर वहां पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं थे। काफी देर तक इंतजार करने के बाद सावित्री संगीता को सीढ़ियों के रास्ते दूसरी मंजिल पर लेकर जा रही थी। सावित्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए यहां पर कुछ भी नहीं है। इस तरह की कमजोर और गर्भवती महिलाओं को दूसरी तीसरी मंजिल पर पहुंचने के लिए व्हील चेयर होनी चाहिए जिस पर बैठकर महिलाओं को आराम से तीसरी मंजिल पर पहुंचाया जा सके।

> देहात से आने वाली गर्भवती महिलाएं स्वयं सीढ़ियों से ऊपर तक जाती हैं। कभी-कभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मनमानी करते हैं जिसकी शिकायतें भी मिलती रहती हैं। जिला महिला अस्पताल में चार वार्ड ब्यॉय हैं जो गर्भवती महिलाओं को व्हील चेयर से ऊपर या नीचे ले जाते हैं। आज मैं लखनऊ में हूं मंगलवार को लौटकर आता हूं फिर उन लोगों से पूछताछ की जाएगी।
> -डॉ. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस।

जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को इस तरह हर रोज समस्या से जूझना पड़ता है। सीएमएस के आदेश के बाद भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उनकी बात पर ध्यान नहीं देते हैं। इसकी शिकायत भी की जा चुकी है फिर भी उन पर कोई एक्शन नहीं लिया जाता है। दो दिन पहले एक गर्भवती महिला को जब सीढ़ियों से ऊपर पहुंचाने को कहा गया तो परिजनों ने हंगामा कर दिया।जिसके बाद गर्भवती को व्हील चेयर से तीसरी मंजिल पर पहुंचाया गया।

जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को तीसरी चौथी मंजिल तक पहुंचाने वहां से नीचे लाने को लिफ्ट लगाई गई थी। जो कुछ समय बाद खराब हो गयी। पांच साल से गर्भवती महिलाएं लिफ्ट न होने से परेशानी झेल रही हैं। पिछले दिनों लिफ्ट मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत होने के बाद मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया था लेकिन कुछ दिन बाद मरम्मत कार्य बंद कर दिया गया है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# पिता के साथ गेहूं काट रहा पुत्र गश खाकर गिरा, मौत

संवाददाता, उसहैत

- शानू की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृत विचार :** कस्बा उसहैत के वार्ड दो निवासी शानू पुत्र लियाकत 25, अपने पिता के साथ गेहूं काटने गया था। जहां पर अचानक शानू गश खाकर गिर पड़ा, उसके साथ उसके पिता ने तुरंत अपने पुत्र को उठाकर इलाज को जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक शानू।

शानू के शव को लेकर परिजन घर लौट गए। अचानक जवान पुत्र की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। शानू की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो गांव में शोक की लहर है। शानू की मौत की सूचना मिलते ही चेयरमैन नवाब हसन, साबिर मंसूरी, इमरान ,मुन्ना सिंह, सलमान, जाकिर डा.नजीर, समेत सैकड़ों लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर शोक जताया शानू की मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है । मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। मोहल्ले के लोग सांप द्वारा काटे जाने की बात कह रहे हैं। साथ ही कुछ लोग हृदय गति रुक जाने बात कह रहे हैं। परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया है। जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। शानू अपने पीछे पत्नी यासमीन और दो छोटे पुत्र छोड़ गया है । मजदूर की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि पिता पुत्र मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।

## विश्व हिंदू परिषद की महिलाओं ने मनाया श्रीराम का जन्मोत्सव

**बदायूं,अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में सनातन धर्म ग्रंथ श्री रामजन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रेमपाल सिंह एडवोकेट की पत्नी महेशा सिंह ने विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में मनाया। महेशा सिंह ने राम के चित्र पर माला पहनाते हुए कहा मर्यादा पुरषोत्तम श्री रामजी का जन्म त्रेतायुग में चैत्र मास की नवमी को अयोध्या में सूर्यवंशी राजा दशरथ के यहां हुआ था। राजा राम स्वयं भगवान शिव के अवतार में धरती पर राक्षसों का संहार करने को आए थे। इस दौरान जिला सह संयोजिका रचना संखधार, पदाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, नितिन तिवारी, अल्का सिंह आदि ने भी भागवान रामजी के आदर्श पर प्रकाश डाला। वहीं आशा सक्सेना, इरा सक्सेना, अलका सिंह, सुनीता शर्मा, माया राजपूत, प्रेमवती शर्मा, श्यामलता, सुषमा गौतम, शोभा सिंह, बीनू वर्मा, निशा सक्सेना, कुसुम, मीना बर्मा,गिरजेश कुमारी आदि रहीं।

# अधिकारियों ने की सिविल बार की प्रशंसा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में जिला जज पीके अग्रवाल को सम्मानित किया गया, साथ ही जनपद से स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला जज पंकज कुमार अग्रवाल ने कहा कि सिविल बार एसोसिएशन द्वारा न्यायिक अधिकारियों को सदैव सम्मान व सहयोग प्रदान किया गया है। सिविल बार के सदस्यों का व्यवहार प्रशंसा के योग्य है।

सिविल बार एसोसिएशन के सचिव अरविंद पाराशरी एडवोकेट ने कहा कि सिविल बार ने हमेशा अधिवक्ता हित में कार्य किए हैं। अपर जिला जज उदयभान सिंह ने कहा कि सिविल बार के अधिवक्ता योग्य हैं और उनका व्यवहार भी अच्छा है। अपर जिला जज अखिलेश कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने सिविल बार की प्रशंसा की। हरि प्रताप सिंह राठौर एडवोकेट ने कहा कि बार और बेंच के मध्य समन्वय से अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। बार सचिव अरविंद पाराशरी एडवोकेट ने स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सत्य प्रकाश, अपर जिला जज सुनीत चन्द्र, उदय भान सिंह, अखिलेश कुमार, मोहम्मद नसीम, सारिका गोयल, डॉ. मोहम्मद इलियास, विजय कुमार गुप्ता, नवनीत भारती, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद साजिद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका, सिविल जज जूनियर डिवीजन मनाली चंद्रा को प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।



जिला जज पंकज कुमार अग्रवाल, न्यायाधीश सत्य प्रकाश को सम्मानित करते सचिव अरविंद पाराशरी।

- जिला जज को किया सम्मानित दी गई विदाई

# लाव लश्कर के साथ पहुंचे भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने कराया नामांकन

## पर्यटन स्थल पर उप मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, मुख्य द्वार तक भाजपा प्रत्याशी के साथ पहुंचे उप मुख्यमंत्री, फिर वापस लौटे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए कासगंज में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के नामांकन से पहले पयर्टन स्थल केंद्र में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नामांकन स्थल तक उप मुख्यमंत्री उनके साथ नहीं गए।

भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया का नामांकन सोमवार को होना पहले से ही प्रस्तावित था। कार्यकर्ताओं को सोरों बुलाया गया। यहां डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह भी पहुंच गए थे। पहले हरि की पौड़ी घाट पर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। उसके बाद मां गंगा का अभिषेक किया गया। फिर भाजपा प्रत्याशी और डिप्टी सीएम एवं राज्यमंत्री भगवान श्रीवराह के मंदिर पहुंचे। यहां धार्मिक अनुष्ठान किया। मंदिर के महंत पंडित नरेश त्रिगुणायत ने धार्मिक अनुष्ठान कराए। पूजा अर्चना के बाद भाजपा प्रत्याशी, डिप्टी सीएम, मंत्री और कार्यकर्ता नामांकन स्थल की ओर बढ़े। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नामांकन स्थल के मुख्य द्वार तक गए और यहां से हैलीपैड जाने के बाद वापस लौट गए। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन स्थल पहुंचे।

नामांकन कक्ष में पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा को अपना नामांकन पत्र सौंपा। उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान तिवारी मौजूद रहे।

**यह रहे मौजूद :** भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में भाजपा नेत्री पूनम बजाज, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, सोरों पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, भाजपा नेता कौशल साहू, नीरज शर्मा, केपी सिंह, डा. मनोज शर्मा, शरद गुप्ता, राजीव माहेश्वरी रहे।



उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का पयर्टन केंद्र पर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ● अमृत विचार



जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत करते भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह। ● अमृत विचार

> नामांकन दाखिल हो रहे हैं। एक नामांकन सोमवार दोपहर तक दाखिल हुआ। अन्य नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। नियमानुसार नामांकन पत्र दाखिल करने और बिक्री करने की प्रक्रिया चल रही है। – **सुधा वर्मा**, जिला निर्वाचन अधिकारी

### सोमवार को खरीदे आठ नामांकन पत्र

सोमवार को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। स्वतंत्र प्रत्याशी अशोक कुमार, कमरुद्दीन, राजकुमार, दानवीर, हिंद समर्पित पार्टी के प्रत्याशी नागेंद्र एवं सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य सहित आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

### डिप्टी सीएम का किया स्वागत

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का तीर्थ नगरी सोरों में जोरदार स्वागत हुआ। यहां पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यटन केंद्र पर उन्हें फूला माला पहनाई। डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। कहा कि कार्यकर्ता मनोबल बनाए रहें और आगे बढ़ते रहें।

### यह है कार्यक्रम

- 19 अप्रैल तक है नामांकन भरने की अंतिम तिथि,
- 20 अप्रैल को होगी नामांकन पत्रों की जांच
- 22 अप्रैल को दोपहर तीन बजे होगी नाम वापसी

### भाजपा प्रत्याशी की चल संपत्ति घटी, अचल में बढ़ोतरी

**कासगंज।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजवीर सिंह राजू भैया चल संपत्ति में कमी आई है, वहीं अचल संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है। सांसद ने नामांकन के दौरान अपने शपथ पत्र में चल अचल संपत्ति का पूरा ब्यौरा दिया है। पिछले चुनाव में सांसद राजवीर सिंह राजू भैया की चल संपत्ति नौ करोड़ चार लाख 7751 थी। इस बार उनकी कुल चल संपत्ति 8 करोड़ 11 लाख 9267 रुपए है। इस तरह उनकी इस बार चल संपत्ति में एक करोड़ 28 लाख 98 हजार 884 रुपये की कमी आई है। इसी तरह पिछले चुनाव में उनकी पत्नी प्रेमलता की कुल संपत्ति 11 करोड़ 68 लाख 85274 थी। जबकि इस बार उनकी चल संपत्ति चार करोड़ 83 लाख 27723 रुपये है। अविभवत खाते में उनकी कुल संपत्ति 1 लाख 65 हजार 372 रुपए है। इसी तरह अचल संपत्ति का ब्यौरा देखें तो पिछले चुनाव में उनकी कुल अचल संपत्ति 4 करोड़ 50 लाख 8880 रुपए थी। जबकि इस बार उनकी कुल अचल संपत्ति 17 करोड़ 36 लाख 41000 रुपए है। इस तरह उनकी अचल संपत्ति में 13 करोड़ 31 लाख 32 हजार 200 रुपए का इजाफा हुआ है। वहीं उनकी पत्नी के नाम अचल संपत्ति 8 करोड़ 89 लाख 67000 रुपए है। सांसद के शपथ पत्र के अनुसार उनके पास नगद राशि 2 लाख 98200 रुपये, उनकी पत्नी के पास नगद राशि 163400 एवं कुटुंब राशि 172370 रुपए है।

### हर वर्ग की हितैषी है भारतीय जनता पार्टी

उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने भाजपा सांसद राजवीर सिंह के नामांकन कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग की हितैषी है। हर वर्ग भाजपा की ओर निहार रहा है। लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा पूरा होगा और केंद्र में भाजपा की सरकार पुन: बनेगी। एटा लोकसभा क्षेत्र में भी ऐतिहासिक जीत होगी।

### शहर में आज

- जिले में देवी मंदिरों में माता के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना सुबह पांच बजे से।
- लोकसभा चुनाव को लेकर कलक्ट्रेट पर नामांकन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से।
- नौ कुंडीय यज्ञ गंजडुंडवारा के पंचायतीराज बाग में सुबह 10 बजे से।
- श्रीमदभागवत कथा का वाचन कस्बा अमांपुर के जवाहर नगर में दोपहर तीन बजे से।
- शहर के बिलराम गेट स्थित पथवारी माता मंदिर महिलाओं द्वारा माता के छंद शाम छह बजे से।

### शिकायत को कंट्रोल रूम स्थापित

**कासगंज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन की घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तथा जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी व शिकायत कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105, टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

### बाइक अनियंत्रित होकर फिसली

**कासगंज।** शहर के कासगंज-अतरौली मार्ग पर हजारा नहर के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घटना में बाइक चला रहे देवेश निवासी छर्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना पर घायल के परिजन भी अस्पताल पर पहुंच गए।

# फ्लॉप साबित होगा विपक्ष का भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **डिप्टी सीएम बोले चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं गठबंधन के प्रत्याशी**
- **हर रोज अपना उम्मीदवार बदल रही है समाजवादी पार्टी**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष कहीं लड़ाई में नहीं है। विपक्ष जिस ढंग से भ्रष्टाचारी गठबंधन को लेकर चल रहा है इंडी गंठबंधन को लेकर चल रहा है वह पूरी तरह फ्लॉप साबित होगा। विपक्ष के पास कोई योजना नहीं है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। समाजवादी पार्टी हर रोज अपने प्रत्याशी बदल रही है।

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह का नामांकन कराने के लिए पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भले ही नामांकन कक्ष तक न गए हों, लेकिन उससे पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा की। लगभग 11:30 बजे वह सोरों पुलिस लाइन स्थित हैलीपैड पर हैलीकॉप्टर से उतरे। उसके बाद तीर्थ नगरी सोरों पहुंचे। यहां से लौटने के बाद उन्होंने अमृत विचार से विशेष बातचीत की।



अमृत विचार से बातचीत करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

उन्होंने कहा कि आज विपक्ष न कहीं लड़ाई में है और न दूर दूर तक जनता के करीब आ पा रहा है। विपक्ष और जनता के बीच दूरी बनी हुई है। जबकि आमजनमानस भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा हुआ है। विपक्ष ने एक भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन किया है जो पूरी तरह फ्लॉप साबित रहेगा।

उन्हें भी पता है कि वे चुनाव नहीं जीत रहे हैं। इस बार भाजपा 400 पार पहुंच रही है। केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन होगा। जनता ने अभी से यह स्पष्ट कर दिया है। जनता का रुख बता रहा है भाजपा के अलावा किसी को भी पसंद नहीं किया जा रहा। उन्होंने भरोसा दिया कि भाजपा सदैव जनता की उम्मीदों पर पहले की तरह खरी उतरती आएगी।

## विद्यालयों के समय में किया जाए परिवर्तन

**कासगंज, अमृत विचार:** मौसम में गर्मी के चलते विद्यालय आ रहे बच्चों को हो रही परेशानी के दृष्टिगत विद्यालयों के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने उठाई है। संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए से मुलाकात कर ज्ञान दिया है। समय को परिवर्तित किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में अन्य मांगों को भी शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा बेसिक शिक्षाधिकारी को राजीव कुमार को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि मौसम में अब परिवर्तन हो चुका है। सूरज की तपन से सुबह से लेकर शाम तक गर्मी से आम जीवन अस्त व्यस्त है। ऐसे में विद्यालय आने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे गर्मी से काफी परेशान रहते हैं। इनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। विद्यालय का समय परिवर्तित कर सुबह से आठ से दोपहर 12:30 बजे किया जाए। ज्ञापन में अन्य मांग रखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कहा है कि लंबित एरियर का भुगतान कराया जाए। पति, पत्नी में से किसी एक की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगाई जाए। इसके अलावा विभाग की अन्य समस्याओं का समाधान प्रमुखता से किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अमित यादव, महामंत्री सत्यनारायण व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



बीएसए राजीव कुमार को ज्ञापन देते शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।



# मां कालरात्रि की पूजा कर श्रद्धालुओं ने मांगा अभय और शांति का वरदान

## मंदिरों में सुबह से लगी रहीं श्रद्धालुओं की कतारें, जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


शहर के चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा घर-घर की गई। काल का नाश करने वाली माता की पूजा के लिए मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने हवन यज्ञ किया। मां चामुंडा मंदिर में महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर अभय और शांति का वरदान मांगा।

मान्यता है मां कालरात्रि की पूजा करने से मन का हर प्रकार भय नष्ट हो जाता है। शत्रुओं का नाश करने वाली मां कालरात्रि अपने भक्तों को हर परिस्थिति में विजय दिलाती है। नवरात्र के सातवें दिन घर-घर में मां की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने चंदन, रोली, हल्दी, सिंदूर, दूध, बेलपत्र, फल, पान से माता की पूजा की। मंदिर में माता के भजनों की गूंज रही। शहर के काली मंदिर में सुबह पहुंचे श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहूति दी और मंदिर की परिक्रमा कर मनौती मांगी।

सोरों के ग्राम सलेमपुर में भोगपुर वाली काली मंदिर माता के दरबार में चल रहे मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। सातवें दिन मंदिर में परिसर में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। भक्तों ने हलवा, चना का प्रसाद बांटा। शहर के अलावा ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में भी माता के स्वर गुंजायमान रहे।

### नवरात्रः मेले की रौनक बढ़ा रहे श्रद्धालु

नवरात्र में माता चामुंडा महारानी के दरबार में विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से ही भक्तजन मां के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। मेले में खरीदारी करते हैं। मेले की रौनक दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सुबह से शाम तक जहां ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहता है वहीं रात को शहर के श्रद्धालु मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं।


चामुंडा मंदिर पर लगे मेले में खिलौने की दुकानों पर खरीददारी करते लोग।

### आज सजेगा माता का छप्पन भोग और फूल बंगला

जगतननी माता के दरबार में चैत्र नवरात्र की अष्ठमी पर मंगलवार को शहर के मां चामुंडा रानी के दरबार में भव्य फूल बंगला और छप्पन भोग सजाया जाएगा। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज रहेगी। मंदिर की छठा प्रतिदिन बढ़ रही है। सुबह से लेकर शाम तक माता की पूजा को पहुंचने वाले श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं।

## जिले में 18 मई तक धारा 144 लागू

**कासगंज।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। जिसमें जनपद कासगंज में मतदान तृतीय चरण में सात मई को मतदान होना प्रस्तावित है। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा द्वारा निर्वाचन के द्वष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से धारा-144 दंड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत 18 मई तक के लिए निषेधात्मक आदेश पारित किए गए हैं। जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

## 23 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने अवैध देसी शराब के क्वार्टरों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि अभियुक्त रिजवान उर्फ पिन्टू निवासी ग्राम सुजावलपुर थाना गंजडुंडवारा के कब्जे से 23 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की गयी है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एससी-एसटी एक्ट का वारंटी दबोचा

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा पुलिस ने न्यायालय से फरार चले रहे एससी एसटी एक्ट के वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि वारंटी दिनेश निवासी अमृतपुर थाना सिढ़पुरा को गिरफ्तार किया है। वह वारंटी काफी दिन से फरार चल रहा था। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध शस्त्र बरामद

**कासगंज।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन जिला पुलिस द्वारा में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम थाना सहावर पुलिस ने शहवाज निवासी मुहल्ला झंडा पीर सहावर को गिरफ्तार किया है। कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। थाना अमांपुर पुलिस द्वारा दीपक निवासी शास्त्रीनगर कस्बा अमांपुर को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा है।

## नामित व्यय प्रेक्षक का संपर्क नंबर जारी

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राम सिंह गुर्जर व्यय प्रेक्षक का निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग सोरों कासगंज में 12 अप्रैल को आगमन हुआ। इनके मोबाइल नंबर 6398869564 पर किसी भी निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए संपर्क कर सकते हैं।

## अनुमति के लिए ऑनलाइन सुविधा पोर्टल संचालित

**कासगंज।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा पोर्टल संचालित है। जो प्रत्याशियों को सुविधायें प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यदि प्रत्याशियों को कोई रोड शो करना हो अथवा सार्वजनिक सभा, रैली, जुलूस, वाहन परमिट आदि की ऑनलाइन अनुमति प्राप्त करने के लिए सुविधा पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रत्याशियों को कोई भी अनुमति चाहिए हो, तो ''सुविधा पोर्टल suvidha.eci.gov.in<bha>@</bha>login पर समाधान उपलब्ध होगा। केवल दो मिनट का समय देकर ऑनलाइन आवेदन करें और प्रत्याशी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

## जागरूक होकर करें अपने मताधिकार का प्रयोग

**सोरोंजी।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक रविवार को कस्बे के बारात घर में हुई। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए मतदाताओं को उनके अधिकार बताए गए। साथ ही अपील की गई कि हर हाल में 100 फीसदी मतदान करें और जिले को नया मुकाम दिलाएं क्योंकि एक वोट सरकार का चयन करता है। इस दौरान रामोत्सव कार्यक्रम की भी रूपरेखा बनाई गई।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अलीगंज।** थाना अलीगंज पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 60 किलो तम्बाकू पत्ती, एक तमंचा, एक पोनिया और चार कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में शिव सिंह निवासी नगला राम सिंह, थाना जसरथपुर, जिला एटा और प्रमोद निवासी मेरापुर, जिला फर्रूखाबाद हैं।

## एप पर करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सी-विजिल ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी सी-विजिल ऐप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड कर के समय-समय पर जारी निर्वाचन आयोग के आदेशों का समय सीमा में क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उड़नदस्ता एवं स्थायी निगरानी टीम को सी-विजिल ऐप के स्टेप वाई स्टेप तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया कि निर्धारित घंटों के अंदर ही आपको सावधानी व जवाबदेही के साथ सभी बिन्दुओं को एप में फीड करना है। जहां भी असमंजस हो, तत्काल कंट्रोल रूम या प्रभारी अधिकारियों से संपर्क करें। यदि कोई व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो उसकी सूचना लाइव वीडियो रिकार्डिंग/फोटो लेकर अपलोड कर सकते हैं। साथ ही वांछित सूचनाएं भी दर्ज करा सकते हैं। ऐसी शिकायत आने पर मात्र 15 मिनट में एफएसटी व एसएसटी टीम की गाड़ी पहुंच कर जांच करेगी। 30 मिनट में यह टीमें रिपोर्ट करेगी और अधिक समय लगने पर शिकायत उच्चाधिकारियों को फारवर्ड हो जाएगी। इसलिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में साक्ष्य मिलने पर पहले स्वयं में संतुष्ट हों, तभी रिपोर्ट को फीड करें।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### लालपुर में विशाल कुश्ती दंगल कल

**जलेसर।** तहसील क्षेत्र में अवागढ टूंडला मार्ग पर स्थित गांव लालपुर में कुश्ती दंगल 17 अप्रैल को दोपहर 2रू00 बजे से आयोजित होगा विशाल कुश्ती दंगल के आयोजक ठाकुर भीष्मपाल सिंह पहलवान ने बताया का कुश्ती दंगल का शुभारंभ राष्ट्र ऋषि विश्व बंधु शशि दास राजयोगी महाराज महामंडलेश्वर साकेत आश्रम उडेरी करेंगे। संयोजक सूर्य प्रताप सिंह सूरज भैया ने बताया कि दंगल में प्रमुख पहलवान व भारत केसरी अपने दाव आजमाएंगे।

### किशोरी को ले गए आरोपी भाई के साथ की मारपीट

**कासगंज :** सदर कोतवाली के गांव की 14 वर्षीय किशोरी को गांव का महताब अपने साथी साहिल, सत्तार के सहयोग से बहला फुसलाकर ले गया। आरोप है कि जब बहन के बारे में आरोपियों से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने गाली गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है। सदर कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

# मौसम के बिगड़े मिजाज ने उड़ाई किसानों की नींद

## फसल की कटाई को लेकर असमंजस में हैं किसान, बारिश और होने पर फसलों को होगा भारी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** रविवार और सोमवार की सुबह मौसम ने फिर अपना पैंतरा बदल लिया। सुबह से ही आसमान में काले बादल उमड़ने लगे और थोड़ी देर के लिए तेज हवाएं चलीं। इसकी वजह से किसानों की नींद उड़ गई है। पक चुकी गेहूं की फसल पर संकट के बादल उमड़ रहे हैं। अगर तेज बारिश होती है तो किसानों की गाढ़ी कमाई खेतों में सड़ जाएगी और किसान हाथ मलते रह जाएगा।

किसान फसलों को काट कर खलिहान में रख रहे हैं। इधर बादल बार-बार करवट ले रहे हैं। अगर बारिश अधिक होती है तो दलहनी फसल खलिहानों में सड़ जाएगी। आम के बौर भी पूरी तरह प्रभावित होंगे। तेज हवा की वजह से वह पहले भी झड़ चुके हैं। अब अगर बारिश हुई तो बचे आम के बौर भी प्रभावित होने की संभावना है।



कासगंज क्षेत्र के गोरहा में गेहूं की कटाई करता किसान। ● अमृत विचार

> अभी जो मौसम में बदलाव हुआ है उससे किसानों का नुकसान तो नहीं है, लेकिन अगर बारिश तेज होगी तो किसानों की गेहूं की फसल को नुकसान होगा।
> – **अवधेश मिश्रा,** जिला कृषि अधिकारी

किसानों की गेहूं की फसल खेतों में पक चुकी है। मौसम साथ देता तो दस दिन में कई स्थानों पर इसकी कटाई लगभग पूरी हो जाती, लेकिन अचानक मौसम के बदले तेवर से स्थिति खराब दिख रही है। यदि मौसम खराब हुआ तो किसानों की गेहूं की फसल नष्ट होने की आशंका है। किसानों की गाढ़ी कमाई खेतों में पड़ी है। बारिश होती है तो उनका सब कुछ खत्म हो जाएगा।

फिलहाल कभी बादल छा जाते हैं तो कभी तेज धूप निकल आती है। बारिश की संभावना बनी रही। इससे किसानों के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं

### सुबह छाए बादल, दोपहर में बूंदाबांदी, शाम को हुई बारिश

**अमृत विचार, कासगंज।** सुबह आसमान पर काले बादल छाए रहे। दोपहर को धूप निकली, शाम को फिर बादल छा गए। जिससे मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। पहले बूंदाबांदी के बाद रिमझिम बारिश हुई। यह मौसम फसलों के लिए बेहद घातक है। खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचेगा। शाम को मौसम बदलते ही किसान खेतों की ओर दौड़े।



शहर के सोरों गेट क्षेत्र में बारिश से बचाव के लिए तिरपाल ओढ़कर जाते लोग।

सुहाना हुआ मौसम : बीते कुछ दिनों से दोपहर में तेज गर्मी हो रही है। गर्मी के चलते राह निकलना दूभर हो रहा था अब मौसम में बदलाव आने से काफी हद तक राहत मिल गई है और मौसम सुहाना हो गया है। लोग शाम को बारिश से बचाव के लिए छाता और अन्य साधनों का प्रयोग करते देखे गए।

# सी विजिल एप की शिकायतों का तत्काल करें निस्तारण

संवाददाता, एटा

- **जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारियों दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैनात किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आगरा लोकसभा, एटा लोकसभा के तहत नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके उपरान्त सभी वीडियो विविंग टीमों, एफएसटी, एसएसटी को एक्टिव कर उनकी सघन मॉनीटरिंग की जाए।

जिले में आदर्श आचार संहिता का सख्ती के साथ अनुपालन होना चाहिए। सी-विजिल एप, कन्ट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। जिले में दिव्यांगजनों के शत प्रतिशत मतदान के लिए डीएम ने दिव्यांगजन अधिकारी अजीत कुमार को सभी एसडीएम के साथ सामंजस्य स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डीईओ ने कहा कि सभी अधिकारी आयोग के नियंत्रणाधीन हैं, इसलिए सभी का यह दायित्व है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, वीडियोग्राफर, माइक्रो आब्जर्वर आदि को गहनता से प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। मतदान कार्मिकों को भी अतिशीघ्र द्वितीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी एआरओ अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार सहित अन्य विभिन्न प्रकार की अनुमति को समय से जारी करें, साथ ही लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा समय से अनुमति हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाएं। डीएम ने कहा कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर पेयजल की सुविधा रहे।

# मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि के पूजन को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में श्रीफल अर्पित किया तथा भोग लगाकर सुख और चैन प्रदान करने की कामना की।

ठंडी सड़क स्थित प्रमुख पथवारी मंदिर और काली मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी। जिस पर मंदिर व्यवस्था से जुड़े लोग सामाजिक दूरी के निर्देशों का पालन कराने में जुट गए। एक के बाद एक करके बारी-बारी सभी श्रद्धालुओं को मातारानी के सातवें स्वरूप कालरात्रि मां का पूजन कराया। ऐसी ही स्थिति शहर के दीनदयाल चैराहा स्थित जनता दुर्गा मंदिर, श्रंगार नगर स्थित देवी मठिया, शांतीनगर के छोटे काली मंदिर, मालगोदाम रोड स्थित बालाजी मंदिर स्थित देवी मंदिर में रही। जहां श्रद्धालुओं ने मातारानी के स्वरूप कालरात्रि मां की पूजा अर्चना कर चरणों में श्रीफल नारियल अर्पित किया। वहीं भोग लगाकर सुख और चैन प्रदान करने की कामना की। एटा कासगंज मार्ग स्थित शहर के निकटवर्ती गिरौरा स्थित मुरकटिया माता मंदिर पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने अपनी मनौतियां पूरी होने पर मातारानी को भेंट अर्पित की। मुहल्ला शांतीनगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने इस बार मां भगवती के महामारी विनाशक मंत्र को अपना हथियार बनाते हुए यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। सनातन धर्म शास्त्रों की मानें तो वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए हवन और यज्ञ को बेहतर माध्यम बताया है। जिसमें गंधक, लोहवान, गूग्गल, लौंग, इलायची, काली मिर्च, जावित्री जैसी विषाणु नाशक औषधियां के समुचित मात्रा में प्रयोग करने से उस क्षेत्र को वायरस से सुरक्षित रखा जा सकता है।



देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### आपसी भाईचारा व सौहार्द का पर्व है ईद उल फितर

**कासगंज, अमृत विचार:** सिंचाई संघ के ईद मिलन समारोह स्थानीय नलकूप खंड कार्यालय परिसर में हुआ। कर्मचारियों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दी। सिंचाई संघ के अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को ईद की मुबारकबाद दी।

संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि पर्व चाहे वो किसी भी समुदाय या वर्ग के हो आपसी भाई चारा और सौहार्द के प्रतीक होते हैं। पर्वों को सभी लोगों को सौहार्द के साथ ही मनाना चाहिए। कर्मचारियों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। गिरिराज किशोर मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, रामनाथ, राधेश्याम, जयवीर सिंह, चौबे सिंह, नौशाद अली, हिमांशु, संतोष, चंद्रभान, हलीम खान, दिनेश चंद्र, अवधेश कुमार शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, महेश बाबू, अल्का. बेबी, भूदेवी, धर्मवीर, सत्यवीर, सूरज पाल, अशोक कुमार, मुन्ना लाल आदि मौजूद रहे।

# बेकाबू कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत तीन की मौत, एक घायल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। युवक को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ऑटो से टकराकर गिर गई। इसी दौरान पीछे आ रहे कैंटर ने सड़क पर गिरे तीनों बाइक सवार लोगों को रौंद दिया। हादसे में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मौजूद लोगों से बात करके घटना की जानकारी ली। परिजन को सूचना दी गई है।

हादसा मलावन थाना क्षेत्र के थरौली गांव के पास हुआ। मूल रूप से हाथरस जिले के हसायन निवासी गुलशेर के बेटे गुल मोहम्मद (50) की कन्नौज में ससुराल है। सुबह वह अपने भाई निजाम (35) और निजाम की पत्नी नगमा (33) के साथ शादी में शामिल होने ससुराल जा रहा था। थरौली गांव में एक युवक बीच रास्ते में टहल रहा था। उसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे ऑटो से टकराकर गिर गई। पीछे से आ रहे कैंटर ने बाइक सवार तीनों लोगों को कुचल दिया।

मौके पर ही गुलशेर, निजाम और नगमा की मौत हो गई। जबकि ऑटो चालक सुमित कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी हिन्दूनगर कोतवाली नगर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार में मचा कोहराम हादसे में एक साथ परिवार के तीन लोगों की मौत से कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। रोते बिलखते परिवार वालों को लोग ढांढस बंधाते रहे।



हादसे के बाद एकत्रित भीड़ एवं जानकारी लेती पुलिस।

### केक काटकर मनाई डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**एटा, अमृत विचार।** सकीट विकास खंड के ग्राम पंचायत नन्दपुर खोडरा के नगला मंगली में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक नंदराम सिंह ने अपने आवास से डॉ. आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण किया।

केक काटकर उत्सव को मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अम्बरीष यादव ने केक काटा। कार्यक्रम में विनय कुमार गौतम, मोहन कुमार गौतम, शिवम बाल्मीक, प्रवीन कुमार (प्रवेश), बलबीर, सुमित कुमार गौतम, पंकज कुमार, और अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक सुमित, अर्जुन, और सुरजीत पड़रा वाले का विशेष सहयोग रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मंदिर में नौ देवी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** कस्बा के रेलवे रोड स्थित तेल मिल कॉलोनी में स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में देवी के नौ स्वरूपों की मूर्तियों एवं हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम हुआ। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बैंड बाजों एवं आकर्षक झाकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाल कर प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश धारण रख चल रही थी।

शोभायात्रा में मां दुर्गा की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। लोगों ने यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा तेल मिल कॉलोनी से प्रारंभ होकर पंचायती बाग, हनुमान गढी चौराहा, टीन बाजार, राजाराम चौराहा होती हुई वापस नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में मूर्तियों की स्थापना के लिए विगत दो दिन से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की जा रही थी।

मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा और बुधवार को महाप्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन होगा। हरिओम गुप्ता, राजकुमार, प्रफुल्ल जैन, धर्मेंद्र सोलंकी, अनुराग, चंद्रपाल माथुर, अंकिता, अनीता, सोनी सहित अनेक महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।



प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### शनिदेव मंदिर में हुई भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**कासगंज।** शहर के मालगोदाम रोड स्थित संकटहरण श्री शनिदेव के मंदिर में चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पहले नगर में भ्रमण कराया गया। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद कन्या पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना ने पत्नी स्व. उमा सक्सेना की स्मृति में कराया। इस दौरान विहिप, बजरंग दल ने रामउत्सव का आयोजन कर हनुमान चालीसा का पाठ और महाआरती की। साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर नवल कुलश्रेष्ठ, बासु जैन, विजय सिंह चंदेल, सचिन जैन, राजेश साहू, प्रियांशु साहू, देवी प्रसाद, अनिल जैन, मनीष कावरा, दिनेश अग्रवाल, अमरीश वशिष्ठ, शशांक शारदा, प्रमोद साहू, नवीन सक्सेना, कृष्ण मुरारी, प्रदीप कावरा, ओमकार सैनी, लखन प्रताप, अजय सक्सेना जितेंद्र, किरन सक्सेना, विपिन सक्सेना, नितिन सक्सेना, आरती सक्सेना रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रिजवान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अफसर जहाँ पत्नी बरक्तुल्ला निवासी मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली, पो. व तह. बीसलपुर, जिला पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र विमल कुमार को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **झंझन लाल पुत्र दिलीप कश्यप निवासी ग्राम माधौटांडा, थाना माधौटांडा, जिला पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र संतोष सिंह व उसकी पत्नी सिहू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **वीर सिंह पुत्र श्री चंचल सिंह निवासी ग्राम बढ़ा दुनका, थाना व तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

सूचना
मैं ज्योति गोयल पुत्री स्व. हरिओम गुप्ता व ऊषा गुप्ता निवासी 170, कर्मचारी नगर, बरेली अपने सगे भाई आकाश गुप्ता जी उर्फ विक्की पुत्र स्व. हरिओम गुप्ता एवं रवीना गुप्ता पत्नी आकाश गुप्ता, दोनों के गलत आचरण/व्यवहार के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। वर्तमान व भविष्य में इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी व वह दोनों स्वयं अपने कृत्य के लिए जिम्मेदार होंगे।

सार्वजनिक सूचना
सुशील कुमार शुक्ला प्रत्याशी 26 पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा के विरूद्ध एक अपराधिक मुकदमा धारा 323, 504, 506 आईपीसी सि. ज.जू.डि. न्यायालय पीलीभीत में लम्बित है।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open 2024-25
योगा सिखायें स्वस्थ रहें
COURSE OFFERED
PGDYN
Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy
Course Duration : 1 year
योग्यता : स्नातक
Contact : 8755922339
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India
Email : ramchorg@gmail.com



### एडीजी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायाजा

**एटा, अमृत विचार:** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने जनपद एटा का भ्रमण किया। उन्होंने सुरक्षा बलों के रुकने के स्थान और मतदान केंद्रों, बूथों का निरीक्षण किया। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के दृष्टिगत समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की। उन्होंने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित जेडएच कॉलेज और थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत श्याम बिहारी कॉलेज का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों में रैंप, मतदान केंद्रों पर सम्पर्क मार्ग, शौचालय, बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं की जांच की। उन्होंने अर्द्ध सैनिक बलों के ठहरने के लिए निर्धारित विद्यालयों का भी निरीक्षण किया और मानकों के अनुरूप शीघ्र तैयारियां पूरी करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

# भक्तों के दुखड़े हरती हैं 84 घंटे वाली मां

संवाददाता, सोरोंजी

- **मां की उपासना से होती है दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की**
- **सुबह से ही मंदिर में लगता है श्रद्धालुओं का तांता**

**अमृत विचार :** उत्तर भारत की प्रसिद्ध तीर्थ नगरी सोरों धर्म की नगरी है। यहां देवदर्शन एवं गंगा स्नान करने से जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलने की मान्यता है। यहां के मंदिरों की विशेष मान्यता है। इन मंदिरों में 84 घंटे वाली माता का मंदिर भी शामिल है। जहां सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ते हैं।

चौरासी घंटे वाली माता एक तांत्रिक सिद्धपीठ है। माता दक्षिणमुखी होने के साथ साथ दुखड़े हरने वाली के नाम से विख्यात हैं। माता का मंदिर दो दशक पुराना है। बताया जाता है कि माता के एक भक्त ने 30 वर्ष लगातार नवरात्रों में लौंग के जोड़े से व्रत किया तो माता ने अपनी महर अपनी भक्त पर बरसा दी।

स्वप्न में आकर कहा कि मेरे मंदिर का निर्माण करा जिसमें 84 घंटे लगे हों तथा यह भी कहा कि 84 हाजिरी लगाने वाले भक्त का असंभव से असंभव कार्य संभव बना दूंगी तथा 21 दिन में मेरा चमत्कार देखा जा सकता है। तब भक्त महारानी गुप्ता ने इस मंदिर का निर्माण कराया तथा मंदिर में 84 घंटे भी लगाए गए।



तीर्थ नगरी सोरों के मंदिर में विराजमान 84 घंटे वाली माता। ● अमृत विचार

### 22 को मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव

चौरासी घंटे वाली माता इस मंदिर में माता कृष्णागी काली तथा शीतला माता के साथ विराजमान हैं। प्रत्येक नवरात्र में सायंकाल में माता के श्रृंगार दर्शन गाजे बाजे के साथ होते हैं तथा सप्तम व अष्टम नवरात्र को माता की देव दीवाली मनाई जाती है। जिसमें माता सिर्फ दीपक की रोशनी में ही दर्शन देती हैं, हर वर्ष अप्रैल माह में मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें 56 भोग दर्शन, प्रसाद भंडारा तथा भव्य जागरण होता है, इस वर्ष वार्षिक उत्सव 22 अप्रैल को मनाया जाएगा।

# धर्म दर्शन



## मर्यादा और अनुकरणीय गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं, जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है, किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है, जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है, उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे, उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले, उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं, जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए, राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमशः कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।



संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव, आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ, तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।

कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं।


यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुनः प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

## ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे, परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्बभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि, वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा, आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं, किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा, लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता


त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है, जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि, स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है, जो ब्रह्मांड में है, वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती, बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी, "अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं, विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

# आसपास

## शिक्षा से ही हासिल किया जा सकता है सफलता का लक्ष्य



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में पुरस्कार के साथ बैठे बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता बदायूं

● बाबा साहेब के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** सोमवार को गांधी ग्राउंड में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया शाखा द्वारा आयोजित बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय एवं सांत्वना व प्रोत्साहन पुरस्कारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेपी सागर, इंजीनियर एस डी भास्कर, डॉ. अरविंद कुमार, भीमसेन सागर रहे।

मुख्य अतिथि जेपी सागर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इंजीनियर एस डी भास्कर व डॉक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए जितना परिश्रम किया जाता है वह निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर घर परिवार और समाज व देश का नाम रोशन करता है। शिक्षा से ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि शिवचरण लाल बौद्ध, आरपी त्यागी, ऋषिपाल सिंह डीपी सिंह रामचरण लाल आदि ने संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अभिषेक कुमार प्रथम, रिंकू पाल व स्वाति मीणा ने द्वितीय और रितु सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आशुतोष यादव प्रथम, मोहित कुमार गौतम द्वितीय, और श्रद्धा उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रोत्साहन पुरस्कार सोहिल कुमारी, नेहा, काजल सागर, गौरव शर्मा, लता कुमारी, अंजली कुमारी, संध्या, मुस्कान, विष्णु, अंकित वर्मा, नितिन साहू, निजाम गोसिया, अरुण मौर्य, संदीप भारती, पूजा कश्यप, सूरज जितेंद्र शाक्य, अमित सिंह आदि को प्राप्त हुए। अमित कुमार साफिया नूर राशि आदि को प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुए।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी पवन गौतम, प्रेम सिंह एडवोकेट, ब्रह्मानंद बौद्ध, महिपाल टंडन, हरीश दिनकर, अमित भास्कर, नरेश पाल सिंह, अनिल सागर, राजीव कुमार, छोटेलाल बौद्ध, नीटू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### न्यू हॉप्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड आर्ट डे



**ककराला।** कस्बा ककराला स्थित न्यू हॉप्स पब्लिक स्कूल में सोमवार को विश्व कला दिवस मनाया गया। जिसमें शिक्षा संबंधी एवं छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखारने में अग्रसर "न्यू हॉप्स पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में वर्ल्ड आर्ट दिवस के उपलक्ष में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने मोम-कलर, पेंसिल कलर एवं वाटर कलर का प्रयोग कर कार्टन चित्रकला, मानवीय कला, मंडला कला एवं माधुवनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अयान खान, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कलेक्ट्रेट के पास रोकी जज की कार, चार पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का आदेश

### एसएसपी ने एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की भेजी संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● ड्यूटी करने में पाई गई लापरवाही, जज के परिचय देने पर भी पुलिस ने नहीं सुनी

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट के पास लोकसभा चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता की कार रोक दी। जज के परिचय देने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने कार जाने नहीं दी तो जज ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को फोन कर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए। एसएसपी ने एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में वहां मौजूद एसपी क्राइम मुकेश कुमार सिंह की भी लापरवाही भी सामने आई है।

> एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई है। चारों को निलंबित करने के लिए संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है। -घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में एसपी समेत ढाई सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को भी उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच रहे थे। इसी दौरान करीब एक बजे स्टेशन रोड से कलेक्ट्रेट की तरफ सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता अपनी कार से कोर्ट के लिए जा रहे थे।

वहां पर बैरिकेडिंग कर लोगों और वाहनों को रोका जा रहा था। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, मीरगंज थाने में तैनात दरोगा सूरज पाल सिंह, फतेहगंज पश्चिमी के सिपाही विष्णु कुमार और लेखपाल सागर ने जज की गाड़ी को रोक दिया। जज की गाड़ी पर स्टीकर लगा हुआ था, इसके अलावा उन्होंने अपना परिचय भी दिया। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जिस पर उन्होंने तुरंत एसएसपी को फोन कर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आदेश दिया। एसएसपी ने जांच कराई तो सभी की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई। जिसके बाद सभी को निलंबित करने के लिए चुनाव आयोग को संस्तुति भेज दी है।

### जज खुद चला रहे थे अपनी कार

बताया जा रहा है कि जज कार खुद चला रहे थे। जब पुलिस ने उन्हें रोका तो उन्होंने कहा कि वह कोर्ट में जा रहे हैं। इस पर पुलिस कर्मियों ने इशारा कर कहा कि दूसरी तरफ से जाइये। इस पर जज ने कहा कि आपके जो वरिष्ठ अधिकारी हैं उनको बता दें। दरोगा और सिपाहियों ने कहा है कि जो आदेश है वह आदेश है। इस दौरान इंस्पेक्टर भी पहुंचे और उन्होंने भी इशारा कर दिया की घूम कर जाओ। जज ने तीन बार अपना आईकार्ड भी दिखाया लेकिन पुलिसकर्मी नहीं मानें।

### पुलिस से लोगों की भी हुई नोकझोंक

नामांकन के दौरान कचहरी के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी रोका गया। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच भी तीखी नोकझोंक चलती रही। हालांकि विवाद बढ़ने पर कोई न कोई अधिकारी आकर समझा लोगों को शांत कर देते। एक मंत्री के साथ भी पुलिस की नोकझोंक हुईर हालांकि एक सीओ ने आकर मामला किसी तरह से संभाला।

## साइकिल टकराने पर घर में घुस कर युवक से मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** एक युवक की साइकिल में टक्कर मारने के बाद उसके घर जाकर मारपीट और तोड़फोड़ करने के मामले में छह नामजद समेत 10 अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला मथुरानगर निवासी मोहित गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह रविवार की शाम लगभग 7.30 बजे साइकिल से पलिया बस स्टैंड जा रहा था। एक बाइक पर सवार आयुष, आदर्श और पंकज ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसकी साइकिल टूट गई। मोहित का आरोप है कि जब वह घर पहुंचा तो आयुष पुत्र टीटू गुप्ता, आदर्श गुप्ता पुत्र राजेश, पंकज पुत्र बलराम, बलराम का भाई, अभिषेक पुत्र गुड्डू, नीलेश पुत्र जग्गा और अन्य 10 लोगों के साथ उसके घर पहुंच कर गाली गलौज, तोड़फोड़ कर उसे मारा पीटा, जिससे उसके सिर में चोटें आईं हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0-21, लखनऊ
आर0एस0 वाद सं0-33/2014 पेशी-25.04.2024
श्रीमती अंजना अग्रवाल आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी ब्रजेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासिनी-भवन सं0-498/206/13, राम कृष्ण मार्ग, फैजाबाद रोड, जिला-लखनऊ —प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम्
1-अच्छे लाल उर्फ अक्षय लाल वयस्क पुत्र सीता सरन शाह निवासी-भवन सं0-538/135 (65), अहिबरनपुर, सीतापुर रोड, जिला-लखनऊ
5-संतोष खरे उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र ए0पी0 खरे निवासी- 88/540, प्रेमनगर, लखनऊ
6-कालिका प्रसाद खरे उम्र लगभग 77 वर्ष पुत्र स्व0 ए0पी0 खरे निवासी-88/540, प्रेम नगर, लखनऊ
7-ममता सिंघल आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी राजू सिंघल निवासिनी- 35एच-7बी, रामपुर गार्डेन, जिला बरेली —विपक्षीगण
हरगाह-प्रार्थिनी/वादिनी ने आपके नाम से एक नालिस बावत दावा वास्ते शाश्वत व्यादेश हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.04.2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 25.04.2024 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 06.03.2024 ई0 को जारी किया जाये। दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत



हि.वि.वाद सं. 512/2023 ता. पेशी 08.05.24
सम्मन बगरज इनफसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)
न्यायालय प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार, न्यायालय जिला लखीमपुर खीरी
नम्बर मुकदमा सन् जिला अदालत मुकाम मुद्दई चन्द्रभूषण बनाम शीतल भसीन शीतल भसीन पत्नी चन्द्रभूषण साहनी पुत्री चमन लाल भसीन नि. मो. अहिरान कस्बा पलिया पर. व तह. पलिया जिला लखीमपुर खीरी बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बावत की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख माह सन् 200 ई. बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात बाकई से वाकिफ हुजिए और जवाबदेही दावा की कीजिए और हरमाह यही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाहों की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदकाल करना चाहते हो उसी रोज पेस कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से बाज बतारीख माह सन् 20 ई. जारी किया गया।
इत्तिला 1. अगर आपको यह अन्देशा हो कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आप अदालत हाजा से सम्मन बईमुराद जारी करा सकते हैं कि जो गवाह न हाजिर हो जबरन हाजिर कराया जाय और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश करने का इस्तदलाल करते हो वह उससे पेश कराई जाय बशर्ते कि आप खर्चा जरूरी अदालत दाखिल करके इस उज्र की दरख्वास्त गुजारें।
2. अगर आप मुतालिका मुकदमा की तख्सीम करनी हो तो आपको लाजिम है कि रू. मय खर्चे वाजिब अदालत में दाखिल कीजिए ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की आपको माल दोनों पर ही न करना पड़े।


## रोहिलखंड डेंटल कॉलेज में अत्याधुनिक सीबीसीटी मशीन का उद्घाटन

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** रोहिलखंड डेंटल कॉलेज में सोमवार को वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. एके गोयल ने सीबीसीटी मशीन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक मशीन से दांतों और चेहरे की 3 डी इमेज ली जा सकेगी। इससे दंत चिकित्सक मरीजों के जबड़े की जटिल समस्याओं के बारे में जानकारी के साथ ही उचित इलाज दे सकेंगे।

कॉलेज के ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि मरीजों में डेंटल इंप्लांट के लिए इस मशीन द्वारा दी गई जानकारी बहुत ही लाभदायक है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने बताया कि कॉलेज में डेंटल इंप्लांट अब और भी सटीकता से लगाए जा सकेंगे। इस दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने डॉ. एके गोयल का अभिनंदन शॉल ओढ़ाकर किया। इस मौके पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दीं। संचालन प्रशासनिक अधिकारी सीएस कांडपाल ने किया। डॉ. नितिन उपाध्याय, डॉ. सौम्या जीवी, डॉ. अंकित राठौर, डॉ. ज्योति बिष्ट और समस्त परास्नातक छात्रों के साथ बरेली इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे।



सीबीसीटी मशीन का उद्घाटन करते वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. एके गोयल।

## भाजपा का नया नारा, सौ में 75 हमारा...25 में बंटवारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● लालफाटक रोड पर धर्मेंद्र कश्यप के नामांकन से पहले सभा में बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने सोमवार को लालफाटक रोड पर एक बैंक्वेट हॉल में पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा संबोधित की। इस दौरान उन्होंने 'सौ में 75 हमारा, 25 में बंटवारा' का नारा देते हुए सपा को माफिया-दंगाइयों की पार्टी और कांग्रेस को भ्रष्टाचार की अम्मा बताया। बोले, बसपा इस चुनाव में कहीं दिख ही नहीं रही है।

डिप्टी सीएम ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रमुख बातें गिनाते हुए कांग्रेस पर 12 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। भ्रष्टाचारियों पर अब तक हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है। असली पिक्चर चार जून के बाद दिखेगी। कहा, 2014 में प्रदेश में 73 और 2019 में भाजपा को 64 सीटे मिली थीं। इस बार पार्टी सभी 80 सीटों पर जीतने जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि वह दस साल से सांसद हैं। अगर कोई एक पैसे का भी आरोप लगा दे तो चुनाव में वोट मांगने नहीं आएंगे। सभा में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, राज्यसभा सांसद मिथलेश कठेरिया, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



नामांकन कराने जाते धर्मेंद्र कश्यप।

# हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा

बाड़मेर जैसलमेर क्षेत्र

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

## भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुनः मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।



### कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

### मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

### 6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी– एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

---

**तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।**

# अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

**1991**

1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

**मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता**
**इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा**





**02**
ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।


### 2019 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम | 6,56,215 | 56.80 |
| बसपा | डॉ. अजीत बलियान | 4,26,954 | 37.10 |
| कांग्रेस | विजेंद्र सिंह | 50,880 | 04.50 |

### 2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.65% | 23.90% | 15.10% | 1.95% |

### 2014 का जनादेश




### बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

### विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

### 1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

**लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा :** अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

**कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण :** अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

**20 लाख**
मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक–एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

## प्रत्याशियों का प्रोफाइल

### चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

### सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

### हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

### तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ. बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

**चप्पल मिला चुनाव निशान** : अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

---

# अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

नई दिल्ली,ब्यूरो

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

## रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

## दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

भोपाल

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।



**हम हाथ के साथ** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।


## संपादकीय

# वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

# एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।**

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है, वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है, लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

**भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।**

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# धर्म और तिकड़म का समन्वय

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए, पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है, पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड, जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं, वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है, पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में, उनके निर्यात में हम काफी आगे थे, पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था, पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी, एक अच्छी कंपनी की दवा ली, कोई सुधार नहीं हुआ, फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए, बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है, इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है, पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े, आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें, क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

# जीवन से कटी हमारी शिक्षा

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है, उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता, संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी, जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है, इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है, जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।**

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं, लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं, लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है, उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर, समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें, लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है, इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे, उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी, बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो, इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है, इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है, हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें, यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है, उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है, इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं, इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

## सोशल फोरम

# करे कोई और भरे कोई

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है, इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने, उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने, शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने, नागार्जुन ने, भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं, उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही, जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं, मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

# बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं, उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र, पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है, पता चला, एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो, उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया, उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति, मान-अपमान का इतना गंभीरबोध, भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश, मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है, उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं, सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं, नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं, उस पर दौड़ ही लगाते हैं, जिस भाव का अवलंबन करते हैं, उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।




प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

**भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।**

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता, भाग्य, पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे, मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

# देश को एक सूत्र में पिरोती रेल

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी, जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों, बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली, तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान, सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906, 1907, 1916, 1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं, रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम, क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।



रेल दिवस



डॉ. विकास खुराना
शाहजहांपुर

## मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं, अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां

# पहले चरण के लिए प्रचार को 48 घंटे शेष, आरोप-प्रत्यारोपों का होगा जमीनी घमासान

अजय दयाल, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की आठ सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। यानि प्रचार के लिए तो अब दो दिन ही मान कर चलिए। ऐसे में इन चंद घंटों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच पश्चिमी उप्र. में आरोप-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान देखने को मिलेगा।

इस बीच, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। वहीं, देर से ही सही, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सभी दलों का फिलहाल फोकस पश्चिमी यूपी पर है। भाजपा के सहयोगी दल भी प्रदेश के चुनावी रण में पसीना बहाने में पीछे नहीं रहे। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको प्रदेश के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। बहरहाल, बुधवार को राहुल और अखिलेश की जोड़ी नजर आने वाली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों चुनाव के अगले चरणों की भी रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की कुल आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा को अंदरूनी कलह से निपटना होगा।

### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता निःसंदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं, लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

### एनडीए को पहले चरण में ही बड़ी चुनौती

लखनऊ : प्रदेश में मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा के सामने पहले चरण में ही बड़ी चुनौती है। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोस. सीट के लिए चुनाव होना है। इन्हीं आठ में से पांच सीटों पर भाजपा 2019 में पराजित हुई थी। हालांकि, पिछले चुनाव में सपा का साथ देने वाला रालोद इस बार राजग के साथी बन चुका है। बहरहाल, ताजा चुनौती कुछ और भी है। कई इलाके में राजपूत समुदाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ महा पंचायतें कर रहा है। इस तरह की महापंचायतें सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में हो चुकी हैं। मतदान पर इसका क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा यह बड़ा सवाल है?

## फर्रुखाबाद में ट्रेन के शौचालय में की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, एजेंसी :** फर्रुखाबाद रेलवे स्ट्रेशन पर एक पैसेंजर ट्रेन के शौचालय की खिड़की से लटका एक व्यक्ति का शव मिला है जिसके फांसी लगाकर आत्महत्या करने का अनुमान है। पुलिस के अनुसार फर्रुखाबाद जंक्शन पर, पूर्वान्ह करीब 10.25 बजे 01918 पैसेंजर ट्रेन पहुंची। ट्रेन के जनरल कोच संख्या 164057 के शौचालय में पुलिस ने एक 40 वर्षीय यात्री के शव को बरामद किया। शौचालय की बाहरी खुली खिड़की से ,फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले ट्रेन यात्री के फोटो खींचे गए। यात्री की शिनाख्त नहीं हो सकी। जीआरपी पुलिस इंस्पेक्टर भरत सिंह ने बताया कि मृतक अज्ञात रेल यात्री की शिनाख्त के लिए फोटो आदि विभिन्न स्टेशनों को भेजे गए है।

## 11 हजार छात्रों को आरटीई के तहत मिलेंगी निःशुल्क पुस्तकें

**लखनऊ, अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निशुल्क पुस्तकें दी जाएंगी। समाज कल्याण विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में इसको लेकर आपसी सहमित बन गई है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 56 यूपी बोर्ड के विद्यालय हैं। यूपी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आरटीई के तहत इनको पुस्तकें निशुल्क दिए जाने का प्रावधान हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकें नहीं दी जा रही थीं। पुस्तकें न मिलने से छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक से इस संबंध में बात की गई और उनको पूरे मामले की जानकारी दी गई। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें देने को कहा है।

# सड़क हादसों में कमी लाएगी चालक के परिवार की फोटो

## परिवहन विभाग की अनूठी पहल, डैशबोर्ड पर होगी तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग एक अनूठी पहल करने जा रहा है। इसके तहत वाहन के डैशबोर्ड पर या चालक के सामने उसके परिवार की तस्वीर ( फैमिली फोटो) लगाई जाएगी। ताकि गाड़ी चलाते समय चालक अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे। परिवार सामने रहेगा तो वह रैश ड्राइविंग से भी बचेगा और नशे से भी।

बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने यह फैसला किया है। इस तरह का प्रयोग आंध्र प्रदेश में किया गया था। इससे सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी को देखते हुए इस मॉडल को उत्तर प्रदेश में भी लाया जा रहा है। रोडवेज बसें, निजी बसें, मोटर कैब, मैक्सी, टैक्सी कैब सहित सभी वाहनों में लिए यह अनिवार्य किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण



सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्तों, आरटीओ और एआरटीओ को भेज दिए गए हैं। दरअसल, प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बीते 9 अप्रैल को प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक ( सड़क सुरक्षा एवं यातायात ) द्वारा बताया गया कि आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक वाहनों में चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भावनात्मक रूप से संवदेनशील बनाया जाए। इसके लिए चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के ठीक सामने लगाए जाने की व्यवस्था शुरू हुई। इसके बाद आंध्र प्रदेश में वाहन चालकों ने अतिरिक्त सावधानी बरती और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सिंह ने बताया कि इससे चालकों का इमोशनल जुड़ाव होगा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के साथ ही सभी सार्वजनिक और व्यवसायिक यात्री वाहनों में चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के सामने लगेगी। इससे वाहन चालक और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएगा।

### वर्ष 2023 में मौत का आंकड़ा बढ़ा

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी के अनुसार वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में 22,595 लोगों की मौत हुई थी। वहीं वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 23,652 पहुंच गया। वर्ष 2023 में वर्ष 2022 की तुलना में 4.7 प्रतिशत अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 4 मई के बीच शुरू हो रहे सड़क सुरक्षा पखवारा के दौरान अभियान चला इसे लागू कराया जाएगा।

## फर्जी प्रमाण पत्र मामले में आजम की याचिका पर सुनवाई 22 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत न देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए। उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र का मामला दर्ज कराया था।

# कब्र में दफन अतीक, राजनीति में जिंदा

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के दुर्दांत अपराधी, पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या एक साल पूर्व 15 अप्रैल को की गई थी। गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर



अब चर्चा न के बराबर होती है लेकिन वोट की राजनीति ने उसे जिंदा कर रखा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अतीक की चर्चा कर मतों का ध्रुवीकरण करने में कोशिश में लगे हैं। भाजपा और सपा दोनों ही दलों के लिए अतीक एक मुद्दा बना हुआ है।

अपराधी अतीक के खिलाफ हुई कार्रवाइयों को भाजपा अपनी सफलताओं में गिना रही है, जबकि सपा उसकी हत्या के मुद्दे को उठाकर मुस्लिमों की सहानुभूति को वोटों में बदलने की फिराक में है। मंगलवार को अतीक की पुण्यतिथि थी। जिस कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में अतीत दफन है, उसके बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों का पहरा रहा। दरअसल पुलिस को अनुमान था कि भगोड़ा घोषित अतीक की पत्नी शाइस्ता और जैनब कब्रिस्तान पहुंच सकते हैं। हटवा में रह रहे बेटे आबान व एहजम के भी कब्रिस्तान जाने की संभावना थी। भगोड़ा शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस को आशंका थी कि वह कब्रिस्तान पहुंच सकती हैं, लेकिन वह भी नहीं पहुंची ।हालांकि पुण्यतिथि पर किसी भी दल के बड़े नेता ने अतीत की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने हिसाब से गुद्दे को भुना रहे हैं।

### अतीक के दोनों बेटों की हिस्ट्रीशीट खुली

अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उमर का हस्ट्रीशीट नंबर 57 बी और अली अहमद उर्फ अली अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 48 बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ का 93बी था। अतीक अंतरराज्ययीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की भी हिस्ट्रीशीट खुली थी। अतीक पर 105 मुकदमे दर्ज थे। उमर पर तीन और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

### अतीक की 1800 करोड़ की संपत्तियों पर हुई कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक अहमद और उसके सिंडीकेट को खत्म करने का अभियान चलाया। अतीक, अशरफ, उसके परिवार और आईएस-227 गैंग के सदस्यों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियां कुर्क की गई।

## विवाहिता ने दुधमुंही के साथ खुद को आग लगाई, दोनों की मौत

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- घरेलू विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार :** गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी एक विवाहिता ने गृह कलह के चलते अपनी 6 माह की पुत्री के साथ आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना मुस्करा के गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी उत्तम सिंह की पत्नी किरन (22) ने सोमवार को सुबह करीब आठ बजे किसी बात से कहासुनी होने पर बच्ची आराध्या (6 माह) को गोद में लेकर आग लगा ली। जानकारी होते ही परिजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौजूद चिकित्सक डॉ मनोलिका ने प्राथमिक इलाज के बाद 80 प्रतिशत जले होने के कारण उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। उरई मेडिकल कॉलेज में ही दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की सूचना पर मृतका की मां सुखवाती निवासी गोरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा भी परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई। मां सुखवाती ने बताया कि मायके से अभी दो दिन पहले ही आई थी। कहा कि सोमवार को ही नातिन आराध्या का मुंडन संस्कार बेघांय बल्लांय की देवी मंदिर में करने जाना था, लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था। उत्तम की शादी चार वर्ष पूर्व जिला महोबा गौहरारी गांव निवासी भगवान सिंह राजपूत की पुत्री किरन के साथ हुई थी। इस मामले में सीओ राठ दिलीप कुमार ने बताया कि परिवारिक विवाद में महिला ने बच्ची के साथ आग लगा ली थी जिसकी इलाज के दौरान उरई मेडिकल में उनकी मौत हो गई। फिलहाल अभी तक पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## नाबालिग से अश्लील हरकत के आरोपी को 5 साल की सजा

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी गणेश को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने पाँच वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी गुडम्बा थाने के पंचायत पुरवा का रहने वाला है। विशेष अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 2 फरवरी 2016 को नाबालिग पीड़िता के पिता द्वारा गुडम्बा थाने पर दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा कि उसकी आठ वर्ष की बेटी को अभियुक्त दस रुपए का लालच देकर बहलाफुसला कर एकांत स्थान पर ले गया तथा उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। कहा कि इस दौरान अभियुक्त की मंशा को भाँपकर पीड़िता शोर मचाने लगी, जिससे अभियुक्त वहाँ से भाग गया।

## मुद्रक-प्रकाशक का नाम व पता चुनाव प्रचार सामग्री पर अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया निर्देश

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य कर दिया है। विज्ञापन करने वाली एजेंसियों को जवाबदेह बनाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के तहत सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता।

आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों-ठेकेदारों की जवाबदेही तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं को आयोग के निर्देशों का पालन करना होगा।

## वर्ग पहेली-41

**बाएं से दाएं**

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।


**ऊपर से नीचे**

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।




### वर्ग पहेली -40 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | णि | त | | | 2 अ | |
| ख़ | | | 3 सं | | भि | |
| 4 स | खा | | चा | | भा | |
| त | | 5 प | रि | जी | वि | त |
| | 6 गि | रि | का | | त | |
| | | क | | | | 7 बा |
| | 8 धी | र | शां | त | | पू |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

### सुडोकू -119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13.23 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** — आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**मिथुन** — आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**कर्क** — आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

**सिंह** — आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**तुला** — आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।


**धनु** — आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

**मकर** — आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** — आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मीन** — आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05.16 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
पृथ्वी — सुबह : 08.35
राम बलराम — दोपहर : 01.05

**Sony Max**
थानेदार — सुबह : 11.00
चेक — शाम : 06.00

**Sony Pix**
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.00
वंडर वुमन — रात : 08.29

**Zee Cinema**
हमेशा — सुबह : 10.20
ऐतराज — रात : 07.20

**Colors Cineplex**
दुनिया — सुबह : 11.18
बद्रीनाथ की दुल्हनियां — रात : 08.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,399.78 | 22,272.50 |
| गिरावट | 845.12 | 246.90 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.10 |





अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1850, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1435, सचिन 1610, सूरज 1460, अवसर 1710, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1610, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1820 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलोg,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7175–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी– डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 ( नयी ) ।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 995, फ्लैग– 1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 880
**रामपुर :** शिवालिक–1000, फ्लैग– 1110, डीएमओ–890, बोल्ड–1170

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450–55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,850 |
| सोना रवा | 74,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 823 (अनुमानित ) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,650 |
| चांदी आभूषण | 83,000 |

# मार्च में 0.53 प्रतिशत पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति


## फरवरी में 0.20 प्रतिशत का था आंकड़ा, पिछले वर्ष मार्च में 1.41 प्रतिशत पर थी मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही। आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दालें और सब्जियों की मुद्रास्फीति मार्च, 2024 में क्रमशः 17.2 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत रही।

मुख्य मुद्रास्फीति मार्च में शून्य से नीचे 1.1 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। मार्च, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण उत्पादों की महंगाई बढ़ने से मुद्रास्फीति की दर शून्य से ऊपर रही। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85% पर आ गई।




## कोटक महिंद्रा बैंक का सर्वर ठप, ग्राहकों को लेन-देन में दिक्कत

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक के ग्राहकों ने सोमवार को बैंक के सर्वर में समस्या के कारण लेन-देन में दिक्कत आने के बारे में जानकारी दी।

बैंक के ग्राहकों को सुबह यूपीआई भुगतान, पैसे निकालने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे लेनदेन को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इन मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाया। कोटक महिंद्रा बैंक ने रात 8.45 बजे सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसके ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उसकी टीम इस मुद्दे को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है। बैंक ने कहा हमें यह बताते हुए खेद है कि हमारे तकनीकी सर्वर में वर्तमान में कुछ समस्याएं आई हैं। हालांकि, सामान्य रूप से काम करने में लगने वाले समय के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

## बुजुर्गों से सावधि जमा के ब्याज पर कर के रूप में सरकार ने कमाए 27,000 करोड़

**मुंबई, एजेंसी**



सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में सावधि जमा पर कमाए गए ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27,000 करोड़ रुपये से अधिक कर इकट्ठा किया है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट कहती है कि पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 143 प्रतिशत बढ़कर 34 लाख करोड़ रुपये हो गई जबकि पांच साल पहले यह 14 लाख करोड़ रुपये थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, सावधि जमाओं पर अधिक ब्याज दर होने से वरिष्ठ नागरिकों के बीच यह जमा योजना काफी लोकप्रिय हुई है। इस अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि जमा है।

इन जमाओं पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलने के अनुमान को ध्यान में रखें तो वरिष्ठ नागरिकों ने सिर्फ ब्याज के रूप में ही पिछले वित्त वर्ष में 2.7 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं। रिपोर्ट कहती है कि इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और शेष राशि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की है। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए 10 प्रतिशत (औसत) कर को सभी वर्गों के बीच सुसंगत मानते हुए, भारत सरकार द्वारा कर संग्रहण लगभग 27,106 करोड़ रुपये होगा।

## ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर की कीमतों में की 10 हजार की कटौती

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है।

ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।

## पैसा वसूलने को रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाए गए धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है।

सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं। ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है। समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था। नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद, कुर्की और देनदारियों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। नियामक ने जून, 2022 में निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर तथा म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कुर्क करने का आदेश दिया था।



## एक नजर

### भाजपा नेता की शिकायत पर कमलनाथ के घर आई पुलिस, सहायक से पूछताछ

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** मध्य पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित घर में उनके एक सहयोगी से पूछताछ की है। कोतवाली थाने के निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि साहू ने शिकायत की है कि कमलनाथ के सहयोगी आर के मिगलानी ने उनका एक आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया था। गोल्हानी ने कहा कि हमने पूछताछ की। जांच जारी है, अधिक जानकारी बाद में मीडिया के साथ साझा की जाएगी। साहू की शिकायत को पूरी तरह से झूठ बताते हुए मिगलानी ने कहा कि मुझसे पुलिस ने पूछताछ नहीं की। मुझे नोटिस दिया गया। मैंने उनसे कहा कि मैं चुनाव के बाद इसका जवाब दूंगा। इस घटना के बाद कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ क्षेत्र में अपना दौरा रद्द कर शिकारपुर स्थित अपने आवास पर वापस आ गए। नकुलनाथ छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद हैं और उन्हें कांग्रेस ने फिर से उम्मीदवार बनाया है। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गढ़ है और 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा यही एकमात्र सीट जीतने में असफल रही थी। इस बार इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है।

### पवन पर पार्टी नेता की टिप्पणी के खिलाफ चंडीगढ़ में कई नेताओं ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में महिला कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के कई नेताओं ने पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष एच.एस. लकी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल के कथित अपमान को लेकर अपने–अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों को बंसल का करीबी माना जाता है। यह कदम उस दिन उठाया गया जब चंडीगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने यहां पार्टी कार्यालय का दौरा किया। तिवारी और बंसल चंडीगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवारी के दावेदार थे। पार्टी ने हालांकि बंसल की जगह तिवारी को चुना। चंडीगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाली दीपा दुबे ने चंडीगढ़ इकाई प्रमुख लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि लकी ने अपने इंस्टाग्राम खाते पर एक 'पोस्ट' साझा की थी जिसमें लिखा था, पवन बंसल के साथ हो गया खेल, मनीष तिवारी को मिली टिकट। दुबे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। हमने इस्तीफा दे दिया है और हम कांग्रेस की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष पद से लकी के इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि वे चंडीगढ़ लोकसभा सीट से तिवारी की उम्मीदवारी के खिलाफ नहीं हैं।

### हालिया हिंसा के बाद कुकी संगठनों ने की चुनाव के बहिष्कार की घोषणा

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** कुकी–जो समुदाय के कुछ संगठनों ने घोषणा की है कि वे संघर्ष प्रभावित राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद 'न्याय नहीं तो वोट नहीं' का आह्वान करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। शनिवार को इम्फाल पूर्वी जिले में दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को तेंगनौपाल जिले में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात लोगों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। कुकी समुदाय के लोगों ने घोषणा की है कि वे बहिष्कार के रूप में संसदीय चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतार रहे। वैश्विक कुकी–जोमी–हमार महिला समुदाय ने पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर चुनाव बहिष्कार के फैसले की जानकारी दी थी। यह महिलाओं का एक समूह है जिसमें पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बाहरी मणिपुर के पूर्व सांसद किम गांगटे और दिल्ली में कुकी–जोमी–हमार महिला मंचों के नेता शामिल हैं।

# 10 वर्ष का काम ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है : मोदी

## राजग सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री बोले- अभी बहुत कुछ किया जाना है बाकी

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के लिए केरल से समर्थन जुटाने की कवायद में सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहापिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे मोदी की गारंटी बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था।



तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंदाज में स्वीकार किया समर्थकों का अभिवादन। ● एजेंसी

राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। वह राज्य की सत्तारूढ़ माकपा द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है। उन्होंने माकपा नीत सरकार पर करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाला करने का मुद्दा उठाया और वाम दल पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया।

### मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह

**इम्फाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

## किसी के नाम से पहचाना जाना, पहचान के अधिकार का मूल आधार है: हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी के नाम से या माता-पिता की संतान के रूप में पहचाना जाना किसी भी व्यक्ति की पहचान का मूल आधार है। अदालत की यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की 10वीं और 12वीं की सीबीएसई की अंकतालिकाओं में पिता का नाम बदलने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करते हुए आई।

अदालत ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रमाणपत्रों में उल्लिखित नाम वास्तव में याचिकाकर्ता के पिता का नहीं था और उसने पंजीकरण के समय अपने चाचा का नाम अंकित किया था क्योंकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। हालांकि विभिन्न सार्वजनिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के पिता के नाम की वर्तनी में कुछ विसंगतियां थीं और अदालत ने कहा कि नाम पहचान से जुड़ा होता है और ऐसे मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने हाल के एक आदेश में कहा था, ऐसे मामलों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा और प्रमुख विचार को ध्यान में रखना होगा कि नाम पहचान से जुड़ा है और किसी के नाम से, साथ ही माता-पिता की बेटी या बेटे के रूप में भी पहचाने जाने का अधिकार एक व्यक्ति के रूप में उसकी पहचान का मूल आधार है।

## भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं : राहुल



केरल के वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनाव प्रचार रोड शो करते राहुल गांधी। ● एजेंसी

**उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है लेकिन बातें 2036 का ओलंपिक आयोजित कराने की हो रही हैं।

राहुल ने नीलगिरी जिले में अपने दौरे के दौरान केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। केरल के वायनाड के लिए प्रस्थान करने से पहले यहां थलूर में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीति है? कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए नीतियां हैं लेकिन भाजपा का चुनावी घोषणापत्र 2036 में ओलंपिक कराने की बातें करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'विकसित भारत' के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

## ईडी के सामने आत्मसमर्पण कर दें खानः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने दिल्ली वक्फ की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल, 2024 को सुबह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि एक बार यह शर्त पूरी हो जाने पर, वारंट जारी करने का आवेदन वापस ले लिया जाएगा।

## एजी को टी राजा, नितेश राणे के नफरत भरे भाषण की जांच करने का आदेश

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के राज्य महाधिवक्ता से कहा कि वह जनवरी में मीरा रोड पर हिंसा के दौरान विधायक नीतीश राणे, गीता जैन और विधायक टी राजा द्वारा दिए गए कथित नफरत भरे भाषणों की जांच करें और यह निर्धारित करें कि क्या उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ मीरा रोड की एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भाजपा विधायकों नितेश राणे, गीता जैन (महाराष्ट्र) और टी राजा (तेलंगाना) के खिलाफ कथित रूप से नफरत भरे भाषण देने और हिंसा भड़काने के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी, जो जनवरी में नया नगर, मीरा रोड में भड़की थी। पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान, पीठ ने मुंबई और मीरा-भयंदर के पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिया था कि वे नफरत भरे भाषणों की रिकॉर्डिंग और प्रतिलिपि की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें और अदालत को सूचित करें कि क्या पुलिस द्वारा ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस पर गौर करने की आवश्यकता है।

## अगर दंगा भड़का तो भूख हड़ताल कर दूंगी : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और भगवा ब्रिगेड का पक्ष लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। बनर्जी ने राज्य में एक भी दंगा होने पर चुनाव आयोग के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी।



● **मुख्यमंत्री बोलीं किसानों के लिए 26 दिन कर सकती हूं उपवास तो 55 दिनों तक ईसीआई कार्यालय पर भी करूंगी भूख हड़ताल**

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए, उन्होंने जरूरत पड़ने पर 55 दिनों के लिए ईसीआई कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। बनर्जी ने दोहराया कि अगर मैं किसानों के लिए (सिंगूर में) 26 दिनों तक उपवास कर सकती हूं, तो मैं ईसीआई कार्यालय के बाहर 55 दिनों तक भूख हड़ताल भी कर सकती हूं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर विपक्ष को जेल में डालने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी, सिर्फ भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |


## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।

357



272



251



248



245



## खेल डायरी

### माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**रेमोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74 .35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74 .08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74 .41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

### जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

**मिसानो (इटली)।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

### बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

### विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया


**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

### भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

**अगस्ता।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

# मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

## हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



रन 102 चौके 9 छक्के 8

ट्रेविस हेड

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में रीस टॉप्ली ने अभिषेक शर्मा 34 रन को लॉकी फर्ग्युसन के हाथों कैच कराया। ट्रेविस हेड ने नौ चौके और आठ छक्कों की मदद से 102 रन ठोके। वहीं हेनरिक क्लासेन ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों को लॉकी फर्ग्युसन ने आउट किया। एडन मार्करम 32 और अब्दुल समद 37 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### हैदराबाद 287/3 (20 ओवर, अतिरिक्त : 15)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 | 22 | 2/2 |
| ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 | 41 | 9/8 |
| हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 | 31 | 2/7 |
| एडेन मार्करम नाबाद | 32 | 17 | 2/2 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 | 10 | 4/3 |

**गेंदबाजी :** जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

### बेंगलुरु 262/7 (20 ओवर, अतिरिक्त : 14)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली बो मार्कंडेय | 42 | 20 | 6/2 |
| फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस | 62 | 28 | 7/4 |
| विल जैक्स रन आउट | 07 | 04 | 1/0 |
| रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय | 09 | 05 | 0/1 |
| सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस | 00 | 01 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन | 83 | 35 | 5/7 |
| महिपाल लोमरोर बो कमिंस | 19 | 11 | 0/2 |
| अनुज रावत नाबाद | 25 | 14 | 5/0 |
| विजयकुमार विशाख नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

## ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

## अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7 :30 बजे शुरू होगा।

## 'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

**धर्मशाला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा, '' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

## बॉलीवुड हलचल

### भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ' 'हंसी के खजाना' ' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ' 'हंसी के खजाना' ' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि ...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी ... त बच्चा लोग के के सुनी ...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी ... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी ... हंसी के खजाना लेके आइल बानी ...। गौरतलब है कि ' 'हंसी के खजाना' ' गाना फिल्म ' 'अक्षरा' ' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ' 'अक्षरा' ' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।




### फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ' 'अमर सिंह चमकीला' ' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ' 'अमर सिंह चमकीला' ' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।



### श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ' 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' ' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# 75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

*लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।*

- चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।



### 2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

### तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपये से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124 .3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51 .7 करोड़, राजस्थान में 40 .7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35 .3 करोड़ और बिहार में 31 .5 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई।

### ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485 .99 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293 .02 करोड़, पंजाब में 280 . 81 करोड़, महाराष्ट्र में 213 .56 करोड़ और दिल्ली में 189 . 94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

### हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068 .85 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 1142 .49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562 .10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489 .31 करोड़ रुपये की शराब और 395 .39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपये सीज किए जा रहे हैं।

# हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

### 2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

## एक नजर

### अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

### घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापाक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।



### नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

**भक्तपुर।** नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

### हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालू

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

# पाकिस्तानी पुलिस का दावा... जिंदा है सरबजीत का हत्यारा सरफराज तांबा

## पड़ोसी देश के आंतरिक मंत्री नकवी ने हमले में भारत का हाथ होने से किया इनकार

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी अमीर सरफराज तांबा की हत्या के एक दिन बाद पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बड़ा दावा किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशंस लाहौर सैयद अली रजा का कहना है कि तांबा अभी भी जीवित है लेकिन वह गंभीर रूप से घायल है।

हालांकि, रजा ने यह नहीं बताया कि तांबा इलाज के लिए कहा भेजा गया है। वहीं, जब भारतीय न्यूज एजेंसी ने लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने मामले को संवेदनशील बताते हुए कुछ भी कहने से मना कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में पाकिस्तान में हुई कई हत्याओं में भारत सीधे तौर पर शामिल रहा है। पुलिस मामले की जांच की जांच कर रही है। भारत की संलिप्तता के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि, उन्हें हत्या में भारत के शामिल होने का संदेह जरूर है। बता दें, रविवार को सरबजीत की हत्या के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी अमीर सरफराज तांबा पर हमलावरों ने हमला किया था। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### रविवार को बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने मारी चार गोलियां



तांबा के परिवार के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर उनके घर आए और ऊपरी मंजिल पर खड़े तांबा को गोली मार दी। रिपोर्ट में कहा गया कि तांबा के शरीर पर चार गोलियां लगीं। दो गोलिया तांबा की छाती और दो पैरों में लगीं। हमला करने वाले एक बंदूकधारी ने हेलमेट पहन रखा था तो दूसरे ने चेहरे पर नकाब डाल रखा था। दोनों गोली चलाने के बाद घटनास्थल से भाग गए। सूत्रों की मानें तो तांबा कारावास के दौरान जेल के अंदर मोबाइल फोन सहित सभी सुविधाओं का आनंद लेता था।

### अनजाने में सरहद पार कर गए थे सरबजीत सिंह



तरनतारन भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह 30 अगस्त 1990 की शाम को भारत पाकिस्तान सीमा पार करके पाकिस्तान चले गए थे। बाद में उसे पाकिस्तान पुलिस ने इस्लामाबाद में हुए बम धमाकों के मामले में गिरफ्तार किया। पाकिस्तान पुलिस ने दावा किया था कि तरन तारन के गांव भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह भारतीय एजेंसियों का जासूस है। मालूम हो कि अमीर सरफराज किसी केस के संबंध में पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद था। 26 अप्रैल 2013 को उसने सरबजीत सिंह पर हमला किया और 2 मई को सरबजीत को मृत घोषित किया गया। बाद में सरबजीत सिंह को पंजाब सरकार द्वारा बलिदानी घोषित किया गया था। वर्ष 2018 में एक पाकिस्तानी अदालत ने सिंह की हत्या के मामले में दोनों को उनके खिलाफ सबूतों की कमी का हवाला देते हुए बरी कर दिया।

## तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

# ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

- पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व



अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।


## चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार अर्जी दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था।

वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि अदालत ने योजना के खिलाफ याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। नेदुम्पारा ने दावा किया कि कोर्ट ने इस बात का ध्यान नहीं दिया कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और देशवासी संभवतः इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं।

# मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

### रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...





**राजकोट:** गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

## सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।



# गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

- कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

**कपूरथला, एजेंसी**

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।



पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

## कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशासा (कांगो)।** कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

**विज्ञान** हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

# शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।



शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर ।

### समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।